बुधवार

11 सितंबर 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

2



## मणिपुर फिर अशांत... इंटरनेट सेवा बंद, दो जिलों में कर्फ्यू

- सुरक्षा बलों से भिड़े छात्र और महिला प्रदर्शनकारी
- कंट्रोल करने के लिए सुरक्षा बलों ने दागे आंसू गैस के गोले

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में एक बार फिर से हालात बिगड़ गए हैं। विष्णुपुर में एक नेता के घर पर हुए रॉकेट से हमले की घटना के बाद से ही राज्य में बड़ी संख्या में छात्रों ने उग्र आंदोलन छेड़ दिया है। इसे देखते हुए मणिपुर सरकार ने राज्य में इंटरनेट सेवाएं पांच दिन के लिए निलंबित कर दी है। कुछ जिलों में कर्फ्यू भी लगा दिया गया है। इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम के डीएम ने कहा कि उन्होंने सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू में छूट के पिछले आदेश को हटा दिया है। दोनों जिलों में तत्काल प्रभाव से अगली सूचना तक जिलों में पूरी तरह से कर्फ्यू लगा दिया है।



राज्य के गृह विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि ये निर्णय तस्वीर, नफरती भाषण और नफरती वीडियो के प्रसार के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, क्योंकि छात्र और महिला प्रदर्शनकारी उनसे भिड़ गए। प्रदर्शनकारी डीजीपी और मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग को लेकर राजभवन की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से है नाराजगी

प्रदर्शनकारी लगातार उग्रवादियों के हाल में किए गए ड्रोन हमलों की निंदा कर रहे हैं। घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तारी न होने पर लोगों में अधिकारियों के खिलाफ काफी गुस्सा है। उन्होंने ड्रोन हमलों को रोकने में कथित रूप से विफल रहने पर डीजीपी को पद से हटाने की मांग करते हुए नारे लगाए थे। राज्य में हो रहे हमलों को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को राज्यपाल एल. आचार्य से मुलाकात की थी। वहीं राज्य में कानून एवं व्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में अपने विधायकों और मंत्रियों की बैठक बुलाई थी।

## हादसा टला... ट्रेन डिरेल करने के लिए ट्रैक पर रखा था ब्लॉक

- राजस्थान के अजमेर के सराधना और बांगड़ ग्राम स्टेशन के बीच 2 स्थानों पर रखे गए थे सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक

**एजेंसी/जयपुर**

कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर जिले में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच 2 स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ। बता दें कि राजस्थान में ट्रेन को बेपटरी करने की यह साजिश तीसरी बार अंजाम दी गई है। मामला रविवार रात का है जब फुलेरा से अहमदाबाद मार्ग मालगाड़ी फुलेरा से अहमदाबाद जा रही थी। इस मामले में मांगलियावास थाना पुलिस में रिपोर्ट दी गई है, जिस पर पुलिस जांच में जुट गई है। रिपोर्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने दर्ज करवाई है।





रिपोर्ट के अनुसार 8 सितंबर की रात 10:36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूटकर गिरा हुआ है। एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूटकर साइड में रखा हुआ था। ये दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे। इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की, इस दौरान स्थिति सामान्य पाई गई। जानकारी ने अनुसार रविवार की रात को 10:36 बजे बांगड़ ग्राम स्टेशन अधीक्षक ने मामले की सूचना दी, इसके बाद ट्रैक जांचा गया। एक किमी के दायरे में आमने-सामने की लाइन में 2 जगहों पर ब्लॉक पाए गए, जो इंजन के टकराने से टूट गए थे। सराधना से बांगड़ ग्राम तक स्टाफ ने पेट्रोलिंग की। ब्लॉक टकराने के अलावा सब कुछ सामान्य था। मामले में मांगलियावास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है, जिसके बाद पुलिस ने रेलवे ट्रैक का दौरा किया और जांच की। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 6 एजेंडों पर लगी मुहर

# बिहार में 7559 नये पदों पर होगी नियुक्ति

# मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना को हरी झंडी

- उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 6421 सहायक के पद सृजित
- कृषि विभाग के अधीन कृषि विपणन निदेशालय के गठन की स्वीकृति

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 46 एजेंडों पर मुहर लगी। इस दौरान कई अहम फैसले लिए गए जिसमें से एक प्रमुख निर्णय राज्य सरकार के कुल 7559 नये पदों पर नियुक्ति को लेकर ली गई है। बिहार विधानमंडल की नियमावली में भी संशोधन किया गया है। इसके तहत अब बिहार विधानमंडल के सचेतक को उप मंत्री के बदले राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जेल निदेशालय को बेहतर बनाने के लिए कार्यालय परिचारी के 10 अतिरिक्त पद सृजित करने का भी निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने राज्य सरकार ने कुल 7559 नये पदों पर नियुक्ति का फैसला लिया है। जिसमें राज्य के नये स्थापित 6421 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक स्कूलों में एक-एक सहायक बहाल होंगे। वहीं योजना एवं विकास विभाग के तहत एमली-एमएलए-एमएलसी फंड से काम किये जाने वाले विकास कार्यो के क्रियान्वयन, सुपरविजन और मॉनटरिंग करने के लिए 350 जूनियर इंजीनियर (सिविल) की बहाली के लिए तकनीकी पर्यवेक्षकों की सेवा आउटसोर्सिंग पर ली जाएगी। पीएचईडी विभाग में भी 350 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और ग्रामीण कार्य विभाग में संविदा के आधार पर 231 असिस्टेंट इंजीनियर की बहाली होगी। कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना को भी हरी झंडी दी गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क और पुल निर्माण को बढ़ावा मिलेगा. पटना के मनेर और मुंगेर के खेरा में पेयजल आपूर्ति योजना को मंजूरी मिली है। इसके साथ ही कोइलवर मानसिक आरोग्यशाला का विस्तार किया जाएगा।

### पीपीपी मोड पर पटना में बनेंगे तीन फाइव स्टार होटल



बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति 2024 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई है। पर्यटकों की सुविधा के लिए पीपीपी मोड पर पटना में 3 फाइव स्टार होटल के निर्माण एवं संचालन की स्वीकृति दी गई है। कृषि उत्पादन के भंडारण, विपणन, मूल्य संवर्धन, निर्यात संवर्धन, ग्रामीण हाटों का विकास के लिए कृषि विभाग के अधीन कृषि विपणन निदेशालय के गठन की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद प्रशासन एवं स्थापना संवर्ग विनियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाली भूमि पर मीठापुर मेट्रो रेल स्टेशन के रैंप निर्माण के लिए 23 करोड़ 52 लाख के भुगतान पर पटना मेट्रो को उक्त जमीन हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है।

### अनुपस्थित रहने के आरोप में सात डॉक्टर बर्खास्त

नीतीश कैबिनेट ने लंबे से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में सात सरकारी चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया है। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमुलतला के चिकित्सक डॉक्टर चमन लाल, सदर अस्पताल जमुई के चिकित्सक रवि कुमार चौधरी, रोहित कुमार बसाक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर के चिकित्सक रविश रंजन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमदाहा के चिकित्सक शकील जावेद, कटिहार के डॉक्टर अमित कुमार और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरा बाजार बी कोठी पूर्णिया के डॉक्टर मसीहुर रहमान शामिल हैं। इसके अलावा बैठक में कारा निदेशालय में 10 कार्यालय परिचारियों के अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वहीं कटिहार जिला में 560 बेड के अल्पसंख्यक विद्यालय के निर्माण को मंजूरी दी गई, जबकि बेगूसराय जिला में भी 560 बेड क्षमता वाले आवासीय विद्यालय को मंजूरी दी गई है।

## सीएम योगी ने 647 वन रक्षकों, वन्यजीव रक्षकों और 41 अवर अभियंताओं को सौंपा नियुक्ति पत्र



**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश-दुनिया की चिंता का सबसे बड़ा विषय जलवायु परिवर्तन है। अनियंत्रित व अनियोजित विकास मानवता के सामने संकट खड़ा कर चुका है। असमय बारिश, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि हो रही है। एक ही समय पर कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ आई है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं लोग एक बूंद जल के लिए तरस रहे हैं। दोनों नुकसानदायी है। आज हम सब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के भुक्तभोगी हैं। नवनियुक्त वन व वन्य जीव रक्षक यदि ईमानदारी से कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव कम करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 647 वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को मंगलवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने कहा कि पहले परीक्षा के बाद फाइनल नियुक्ति पत्र मिलने में एक वर्ष लग जाता था, लेकिन बिना विलंब किए नई प्रतिबद्धता के साथ सरकार ने आपको छह महीने/एक वर्ष से पहले नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।

### जनहानि परिवार व समाज की हानि

सीएम योगी ने कहा कि इस सीजन में हर वर्ष देखने को मिलता है कि वन्यजीव हिंसक हो रहे हैं। वन्यजीव व मानव संघर्ष के कारण जनहानि हो रही है। यह जनहानि परिवार व समाज की हानि है। इस कारण कई परिवार अनाथ हो जाते हैं। जब वन्यजीव के कमांड एरिया में जलभराव, अतिक्रमण होगा तो वह दूसरे क्षेत्र की तरफ पलायन करेगा। इससे मानव बस्तियां चपेट में आती दिखेंगी, इसलिए वन-वन्यजीव रक्षकों को स्वयं प्रशिक्षित होने के साथ स्थानीय नागरिकों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करना होगा।

**प्राथमिकता के आधार पर करें फेंसिंग:** योगी ने कहा कि तराई के जिन जनपदों में यह घटनाएं हुई हैं, यह वे क्षेत्र हैं, जहां जंगल और खेती एक-दूसरे से सटे दिखाई देते हैं। जंगल के अंदर पानी भरा तो जानवर खेत की तरफ आते हैं। कोई व्यक्ति अचानक खेत में गया तो जंगली जानवर हिंसक हो जाते हैं। बॉर्डर वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक व सोलर फेंसिंग कर लें। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सोलर फेंसिंग करें। जब इलेक्ट्रिक शॉट लगेगा तो जानवर पीछे की तरफ भागेगा और श्रमिक, किसान सुरक्षित रहेंगे।

## रेप-मर्डर से नाराज जूनियर डॉक्टर नहीं लौटे काम पर

**एजेंसी/कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल मंगलवार को 31वें दिन भी जारी है। डॉक्टर्स ने करुणामयी (सॉल्ट लेक) से स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाला। उनकी मांग है कि राज्य के स्वास्थ्य सचिव को बर्खास्त किया जाए। इससे पहले कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को सस्पेंड करने की मांग उठी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 9 सितंबर की सुनवाई में डॉक्टरों को 10 सितंबर शाम 5 बजे से पहले काम पर लौटने को कहा था। कोर्ट ने आदेश ना मानने पर राज्य सरकार को डॉक्टरों के खिलाफ एक्शन लेने को कहा था। जूनियर डॉक्टर्स का कहना है कि उन्हें और पीड़ित को न्याय नहीं मिला है, इसलिए वे काम पर नहीं लौटेंगे।

## राहत... अब जीएनएसएस से लैस निजी वाहनों को 20 किमी तक के लिए नहीं देना होगा टोल टैक्स

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सरकार ने टोल नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इस राहत भरे बदलाव के जरिए अब जीएनएसएस से लैस निजी वाहनों को 20 किलोमीटर तक टोल टैक्स नहीं देना होगा। दरअसल, नए नियमों में कहा गया है कि वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) से लैस निजी वाहनों के मालिकों से राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर रोजाना 20 किलोमीटर तक के सफर के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी की है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन किया गया है। अब इसे राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संशोधन नियम, 2024 के नाम से जाना जाएगा। नए नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे अधिक की दूरी तय करने पर वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा।

अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय परमिट रखने वाले वाहनों को छोड़कर अगर किसी अन्य वाहन का चालक या मालिक राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग के रूट का उपयोग करता है तो उससे जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में 20 किलोमीटर की यात्रा तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### अमेरिका के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के सवालों के जवाब में बोले राहुल गांधी

# देश में समानता आने के बाद आरक्षण खत्म करने पर सोचेंगे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। इस बीच उन्होंने आरक्षण खत्म करने को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी जब देश में निष्पक्षता यानी समानता आ जाएगी और अभी ऐसा नहीं है। राहुल गांधी ने ये बयान जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों से बात करते हुए दिया है। उनसे यूनिवर्सिटी में छात्रों ने पूछा था कि देश में आरक्षण कब तक जारी रहेगा, जिसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा, जब आप वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपए में से 5 रुपए मिलते हैं और ओबीसी को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है। असलियत यह है कि उन्हें भागीदारी नहीं मिल रही है। भारत के हर एक बिजनेस लीडर की सूची देखें। मुझे आदिवासी, दलित का नाम दिखाएं। मुझे ओबीसी का नाम दिखाएं। मुझे लगता है कि शीर्ष 200 में से एक ओबीसी है। वे भारत के 50 प्रतिशत हैं, लेकिन हम इस बीमारी का इलाज नहीं कर रहे हैं। अब, आरक्षण एकमात्र साधन नहीं है। अन्य साधन भी हैं।



### आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली पर कब्जा कर लिया है

राहुल गांधी ने कहा, चुनावों से पहले, हम इस विचार पर जोर देते रहे कि संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है। आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली पर कब्जा कर लिया है। मीडिया और जांच एजेंसियों पर कब्जा कर लिया है। हम यह कहते रहे लेकिन लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा था। मैंने संविधान को आगे रखना शुरू किया और मैंने जो कुछ भी कहा था, वह अचानक से फूट पड़ा। गरीब भारत, उत्पीड़ित भारत, जिसने यह समझ लिया कि अगर संविधान खत्म हो गया तो पूरा खेल खत्म हो जाएगा। गरीब लोगों ने गहराई से समझ लिया कि यह संविधान की रक्षा करने वालों और इसे नष्ट करने वालों के बीच की लड़ाई है।

समान नागरिक संहिता के बारे में राहुल गांधी ने कहा कि वह इस पर तभी टिप्पणी करेंगे जब उन्हें पता चलेगा कि बीजेपी का प्रस्ताव क्या है। राहुल गांधी ने कहा, जाति जनगणना का मुद्दा भी बड़ा हो गया। ये चीजें अचानक एक साथ आने लगीं। मुझे नहीं लगता है कि निष्पक्ष चुनाव में बीजेपी 246 के करीब थी। उनके पास बहुत बड़ा वित्तीय लाभ था। उन्होंने हमारे बैंक खाते बंद कर दिए थे। चुनाव आयोग वही कर रहा था जो वे चाहते थे। पूरा अभियान इस तरह से बनाया गया था कि नरेंद्र मोदी देश भर में अपना काम करें। जिन राज्यों में वे कमजोर थे, उन्हें उन राज्यों से अलग तरीके से डिजाइन किया गया था जहां वे मजबूत थे। मैं इसे स्वतंत्र चुनाव के रूप में नहीं देखता। मैं इसे नियंत्रित चुनाव के रूप में देखता हूं।




# 13 बिहार बटालियन एनसीसी के कैडेट्स को दे रहा 10 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण

- रोहतास जिले के तिलौथु स्थित राधा शांता कॉलेज में कैडेट्स के लिए 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू
- 400 एनसीसी कैडेट (लड़के एवं लड़कियां) तथा पांच एएनओ भाग ले रहे है भाग



**केटी न्यूज/रोहतास**

नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की औरंगाबाद स्थित 13 बिहार बटालियन द्वारा रोहतास जिले के तिलौथु स्थित राधा शांता कॉलेज में कैडेट्स के लिए 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। 18 सितंबर तक चलने वाले शिविर का शुभारंभ कैंप कमांडेंट राजकुमार सिंह ने किया। कैंप में औरंगाबाद, रोहतास, आरा, बक्सर, गया और नालंदा जिले के लगभग 400 एनसीसी कैडेट (लड़के एवं लड़कियां) तथा पांच एएनओ भाग ले रहे हैं।कैंप कमांडेंट राजकुमार सिंह ने बताया कि शिविर में सभी कैडेट्स को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत कैडेट्स को मुख्यतः ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग, गेम, साहित्य और विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैडेट्स को विशेष रूप से फायर ब्रिगेड, उड़ान, आरटीओ, एआरओ, आपदा प्रबंधन, पोक्सो एक्ट और मेडिकल एमर्जेंसी का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से ग्रुप मुख्यालय स्तर पर बेस्ट कैडेट, सेकंड बेस्ट कैडेट (एसडी, एसडबल्यू, जेडी, जेडबल्यू) का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कैडेट्स में नई ऊर्जा और उत्साह का विकास होगा। इससे उन्हें आगे चलकर ए, बी और सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने में काफी लाभ होगा। प्रशिक्षण के बाद एनसीसी कैडेट्स भारतीय सेना में शामिल होने के लायक होंगे। साथ ही अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त करने में उन्हें आसानी होगी।इस दौरान एनसीसी के समादेशी पदाधिकारी कर्नल राजकुमार सिंह और डिप्टी कैंप कमांडेट प्रदीप तक्षक ने भी कैम्प में दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान कैडेटों को कई आवश्यक निर्देश दिये। जो उनके प्रशिक्षण में सहायता मिलेगा।

### एनसीसी के ए, बी और सी मिलेगा सर्टिफिकेट

संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले कैडेट्स विभिन्न प्रशिक्षण को प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण का कैडेट्स बेहतर लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि एनसीसी सेना की एक लघु इकाई है और एनसीसी का प्रशिक्षण तथा ए, बी और सी सर्टिफिकेट हासिल करने वाले कैडेट्स को सेना में भर्ती में वेटेज मिलता है। इस दौरान राधा शांता कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, एएनओ, सीटीओ बटालियन के सूबेदार मेजर विराट टोपो के साथ ही बटालियन और कॉलेज के अन्य सैन्य एवं असैन्य कर्मी मौजूद रहे।

## कर्मा-धर्मा पर्व के दौरान पांच बच्चियां डूबीं, चार की हुई मौत

**बांका।** बांका में स्नान करने के दौरान चार लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। घटना चांदन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आनंदपुर थाना क्षेत्र के चांदवारी पंचायत की है, जहां बेहरार गांव के पोखर में कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर नहाने गई पांच बच्चियां में से चार लड़की नहाने के क्रम में पोखर में डूब गई। मृतक बच्ची की पहचान शंकर यादव की बेटी पुनम कुमारी (8) , बजरंगी यादव की बेटी ज्योति कुमारी (9), संजय यादव की बेटी निशा कुमारी (10), और बिनोद यादव की बेटी पुष्पा कुमारी (8) के रूप में की गई है। पिरोती कुमारी (12) हालत गंभीर है।

## खबरें फटाफट

### नालंदा में नदी से मां-बेटे के शव बरामद

**नालंदा।** नालंदा जिले के सिलाव थानाक्षेत्र के कहटाइन नदी में मंगलवार सुबह एक हृदय विदारक घटना घटी। खेत में काम करने के लिए निकले मां और बेटे के शव नदी से बरामद हुए हैं। मृतकों की पहचान सविता देवी (49) और उनके बेटे बंटी कुमार उर्फ सौरभ कुमार (12) के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार, सोमवार को सविता देवी और उनका बेटा बंटी कुमार खेत में काम करने के लिए घर से निकले थे। शाम तक जब दोनों घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मंगलवार की सुबह जब गांव के लोग शौच के लिए नदी किनारे गए, तो उन्हें नदी में शव दिखाई दिए। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि मां और बेटा खेत जाने के लिए कहटाइन नदी पार करते समय गहरे पानी में चले गए होंगे, जिससे डूबकर उनकी मौत हो गई। शव मिलने की सूचना पर परिवार में शोक और हाहाकार मच गया। मृतकों के परिवार वाले सदमे में हैं और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है।सिलाव थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### मुजफ्फरपुर पुलिस ने ठगी करने वाले मास्टर माइंड को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- रेलवे में ग्रुप सी में खेल कोटा के नाम पर करता था ठगी
- गिरोह भेज देता था अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर पुलिस ने रेलवे के साथ अलग - अलग विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने ठगी करने वाले मास्टर माइंड को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में पता चला कि यह गिरोह कई जिलों में फैला है, जो नौकरी देने के नाम पर ठगी करने का काम करते हैं। इस बात की जानकारी एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने दी है। रेलवे में ग्रुप सी में खेल कोटा के नाम पर करता था ठगी दरअसल मुजफ्फरपुर पुलिस ने रेलवे में ग्रुप सी में खेल कोटा के नाम पर ठगी करने और छात्र-छात्राओं को नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इस मामले में ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से सचेंद्र शर्मा उर्फ दादा को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से रेलवे के कई पर्चा और फॉर्म बरामद किये गये। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर अलग-अलग मोड में लाखों रुपये को लेकर ठगी किया करते थे और इसमें अलग-अलग लोगों का एक चैनल बना हुआ है। इस गिरोह में अलग-अलग जिले के लोग भी शामिल हैं। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

**रेलवे के ग्रुप डी में खेल कोटा के नाम पर नौकरी फिर 25 दिन का प्रशिक्षण:** इस मामले पर पुलिस का कहना है कि यह गिरोह अलग-अलग जिले में फैला हुआ है। इसमें पहले नौकरी देने के नाम पर फॉर्म भराया जाता है और फिर कुछ औपचारिकता को पूरा करने के बाद अभ्यर्थियों को अलग-अलग जिले में बुलाकर उनसे पैसे लिए जाते हैं। इसमें कई लोग शामिल हैं, जिनका अलग-अलग काम होता है। अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण के नाम पर रुपये की ठगी करते हैं। फिर सभी काम होने के बाद ट्रेनिंग के लिए बुलाया जाता है और उसके बाद एक ज्वाइनिंग लेटर देकर भेज दिया जाता है। फिर उसके बाद उस जगह पर जाता है।



### मुजफ्फरपुर में दो छात्रों से ठगे 13 लाख रुपये

बेला थाना में दर्ज प्राथमिकी में जिले के दो छात्रों ने 6 आरोपियों को अभियुक्त बनाया गया है, जिसमें तीन लोग मुजफ्फरपुर के हैं और 2 लोग अलग-अलग जिले के रहने वाले है। दोनो छात्रों ने बताया कि बाजार समिति के एक शख्स ने मुझे संपर्क कराया। उन लोगों ने दो अन्य लोगों तक पहुंचाया, जहां उन्हें रुपये देने पड़े हैं। उसके बाद ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के एक मास्टर माइंड से मिलाया गया, जिसने दोनों से कुल मिलाकर 13 लाख रुपये लिए। फिर उन्हें ट्रेनिंग के नाम पर अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया और एक सामान्य कमरे में रखा गया।

### आरोपी के पास से कई सरकारी कागजात हुए बरामद

इस मामले में एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ठगी के मामले में कार्रवाई की गई है। इसके गिरोह से जुड़े हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में कुल 6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। बाकी लोग अन्य जिले के रहने वाले हैं। एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि यह एक बड़ा ऑगेर्नाइज्ड मोड में काम करने वाला गिरोह है, जो पूरे बिहार के अलग-अलग जिला में फैले हुए हैं। उन्होंने कहा कि आशंका है कि इस गिरोह के चंगुल में अब तक कई लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं। यह आंकड़ा करोड़ रुपये का हो सकता है। जांच के दौरान एक आरोपी को पकड़ा गया है, जिसके पास से रेलवे के कुछ पेपर, मोबाइल फोन और ग्रुप डी से बनाए गए कागजात बरामद किये गये हैं। मामले में आगे की कार्रवाई और अनुसंधान किया जा रहा है। पूरा पैसा मिलने के बाद एक ज्वाइनिंग लेटर दिया गया, जिसको लेकर एक स्टेशन मास्टर से मिलना था। जब लेटर लेकर गया के वजीरगंज के स्टेशन मास्टर के पास पहुंचे तो बताया गया कि यह लेटर फर्जी है। तब ठगी का एहसाह हुआ। जहां पर उसको नौकरी की अपनी ज्वाइनिंग लेटर को दिखाना होता है और फिर उसके बाद यह लोग फरार हो जाते हैं। इसके बाद अभ्यर्थी गिरोह के सरगना को खोजने में परेशान हो जाते थे। उनके हाथ कुछ नहीं लग पाता था।

## एक नजर

### डीजल अनुदान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने जांच करने पहुंचे कृषि समन्वयक को बनाया बंधक



**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के रोसड़ा प्रखंड के मऊ नगर पूर्व पंचायत में मंगलवार को डीजल अनुदान को लेकर स्थल निरीक्षण करने पहुंचे कृषि समन्वयक विजय शंकर कुमार को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने उन्हें बंधक बना लिया, यहां तक कि खेत में बांस के पेड़ से उनके दोनों हाथ बांध दिए।किसानों का आरोप है कि कृषि समन्वयक उनसे फॉर्म भरवाकर जीरो टैग फोटो खींचकर ले गए हैं। लेकिन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा उनके आवेदन को रद्द कर दिया गया। जबकि सारी प्रक्रिया कृषि समन्वयक करते हैं। इसलिए लोगों ने कृषि समन्वयक को ही बंधक बना लिया है, ताकि वरीय पदाधिकारी मौके पर आएं और वस्तुस्थिति को समझें। प्रखंड के मऊ नगर पूर्वी पंचायत के किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा डीजल अनुदान की राशि दिए जाने की घोषणा की गई थी। कृषि समन्वयक गांव में आकर आवेदन फॉर्म भराकर जीरो टैग कर खेत में फोटो भी खींची। फिर सारी कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद वह यहां से आवेदन लेकर गए थे। लेकिन उनके आवेदन को रद्द कर दिया गया। आवेदन रद्द करने का आधार बताया गया कि पिता की जमीन में बेटा और पोता बटाईदार नहीं हो सकता। इसके अलावा भी कई तरह की कमियां बताई गई हैं। इससे गरीब किसान जो कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं, उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान परमेश्वर यादव ने कहा कि उन लोगों ने डीजल अनुदान के लिए आवेदन किया था। आवेदन उन्होंने कृषि समन्वयक को दिया। उन्होंने गांव में आकर आवेदन लिए। फिर किसानों का आवेदन रद्द हो गया, क्योंकि सारी प्रक्रिया कृषि समन्वयक ही करते हैं। इसीलिए किसानों ने इन्हें ही बंधक बना लिया। ताकि वरीय अधिकारी मौके पर आकर वस्तुस्थिति को समझें। गांव के मकेश्वर यादव ने कहा कि उन्होंने भी डीजल अनुदान के लिए आवेदन किया था। लेकिन इनका आवेदन भी अनुमंडल में रद्द कर दिया गया, जिससे नाराज होकर इन लोगों ने कृषि समन्वयक को घेरा है। उधर, बाद में रोसड़ा पुलिस और गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर कृषि समन्वयक को मुक्त कराया।

## निजी नर्सिंग होम में प्रसुता की मौत, जमकर हंगामा

**केटी न्यूज/सुपौल**

सुपौल के लौकहा एपीएचसी से रेफर एक प्रसूता की मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित एक अवैध नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया और शांति बहाल की। साथ ही पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सदर प्रखंड के गढ़ बरुआरी पंचायत के वार्ड-12 निवासी शंकर कुमार की पत्नी सीता देवी (20) को प्रसव पीड़ा के कारण लौकहा एपीएचसी में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह उसने बच्चे को जन्म दिया। लेकिन बुखार की स्थिति में ड्यूटी पर तैनात एएनएम ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ससुर दुखा तांती ने आरोप लगाया कि एपीएचसी से मिली सरकारी एंबुलेंस में जाते वक्त, परिजनों को जबरन एक निजी एंबुलेंस में सवार कर दिया गया। यह एंबुलेंस उन्हें जिला मुख्यालय स्थित एक निजी क्लीनिक ले गई। कुछ घंटों बाद, जब मरीज को दूसरी निजी एंबुलेंस में सवार करने का प्रयास किया गया, तो परिजनों ने देखा कि प्रसूता का शरीर ठंडा पड़ चुका था। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस ने परिजनों को समझाया और हंगामा शांत कराया। क्लीनिक पर डॉ. अभिषेक कुमार बच्चन का बोर्ड लगा हुआ था। जो सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हैं।

## सहरसा कोर्ट में हत्या करने वाले आरोपी विवेक समेत सात गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सहरसा**

सहरसा के व्यवहार न्यायालय परिसर में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी विवेक यदुवंशी समेत सात अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। बताया जा रहा है कि अपराधी विवेक यदुवंशी जमानत पर बाहर था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विवेक यदुवंशी, हिमांशु कुमार, राज बब्बर कुमार, आशीष कुमार, अजय कुमार और अश्विनी कुमार शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, विवेक यदुवंशी पर बीते साल 28 अगस्त को अपने भाई की हत्या के मामले में जेल में बंद अपराधी की कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरेआम गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। उसके खिलाफ इस घटना के अलावा तीन अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।गिरफ्तारी की कार्रवाई को लेकर पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शाहपुर नहर चौक के पास एक चाय दुकान पर छह-सात युवक अवैध हथियार और गोली लेकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के इरादे से इकट्ठा हुए हैं। पुलिस ने जैसे ही वहां पहुंचकर घेराबंदी की। तभी सात में से छह युवक पकड़ में आ गए, जबकि एक युवक फरार हो गया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और तीन बाइक भी बरामद की।

### गया में पुलिस अधिकारियों ने किया मंदिर का निरीक्षण

# एनएसजी की तर्ज पर होगी महाबोधि मंदिर की सुरक्षा

**केटी न्यूज/ गया**



गया में विश्व धरोहर व बुद्ध की ज्ञान स्थली महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को वरीय पुलिस अधिकारियों ने जायजा लिया। महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए 2001 बैच के आईपीएस शालीन मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर गया पहुंचे। जहां उन्होंने जिले में बने एसटीएफ के प्रशिक्षण भवन का निरीक्षण किया और फिर महाबोधि मंदिर पहुंचे। उसके बाद महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी शालीन एनएसजी तथा एसपीजी में डीआईजी और आईजी अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। अब पुनः बिहार कैडर में वापस आ गए हैं। आईपीएस शालीन को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस और एसटीएफ का आईजी बनाया है। उसके बाद उनके अनुभव को देखते हुए और उनकी इस समीक्षा के बाद महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एनएसजी के तर्ज पर करने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके तहत महाबोधि मंदिर की सुरक्षा में तैनात बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल को तैयार कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने अपने निरीक्षण करने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए मगध रेंज के आईजी क्षत्रनील सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली महाबोधि मंदिर में देश विदेश से लाखों लाख की संख्या में बौद्ध श्रद्धालुओं का आना-जाना होता है। वर्ष 2013 में यहां आतंकियों द्वारा बम प्लांट किया गया था। उस दौरान महाबोधि मंदिर में सीरियल बम विस्फोट की घटना घटी थी। आतंकी वारदात के बाद महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वहीं, आतंकियों द्वारा दूसरी वर्ष 2018 में भी बम को प्लांट किया गया था।



# जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र अंतर्गत बक्सर जिले में संचालित सभी योजनाओं में लाएं तेजी: डीएम

♦ बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना में बक्सर जिला को मिला प्रथम स्थान

**केटी न्यूज/बक्सर**



मंगलवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र बक्सर अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय कार्यालय कक्ष में की गई। जिलाधिकारी ने जिला निबंधन परामर्श केन्द्र के अंतर्गत तीनों योजनाओं यथा बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना का लक्ष्य एवं उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा किया। प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा अब तक जारी किए गए अद्यतन रैंकिंग (माह जून) में बिहार राज्य में बक्सर जिला का बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना में प्रथम स्थान, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना में 28 स्थान एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना में 11 स्थान है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक मात्र 20 प्रतिशत आवेदन ही प्राप्त हुए हैं, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद व्यक्त किया गया तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम के लाभार्थियों की अलग-अलग सूची प्राप्त करते हुए प्रबंधक जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य से समन्वय स्थापित करते हुए वैसे छात्रों की सूची प्राप्त करें, जिनके द्वारा अब तक स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट एवं कॉलेज लीविंग सर्टिफिकेट अपने संस्थान से प्राप्त नहीं किया गया है, ताकि उन्हें भी मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना से आच्छादित किया जा सके। उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया कि हर पखवाड़े जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र की समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना एवं लेखा, कौशल प्रबंधक तथा प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक एंव डीएसएम उपस्थित थे।

## चौसा पावर प्लांट में कार्यरत 60 हजार श्रमिकों का काउंसलिंग करने का दिया निर्देश

जिलाधिकारी ने डीआरसीसी प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि कार्य योजना बनाकर चौसा पावर प्लांट में कार्यरत लगभग 60 हजार श्रमिकों के साथ काउंसलिंग करना सुनिश्चित करें, ताकि उनके परिजन को मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता से लाभान्वित किया जा सके। प्रबंधक, डीआरसीसी को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना हेतु योग्य लाभार्थियों की सूची प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। जिला योजना पदाधिकारी को इसका अनुश्रवण करने की जिम्मेवारी दी गई। जिला कौशल प्रबंधक बक्सर एवं डुमरांव को निर्देशित किया गया कि वैसे संस्थाओं को चिन्हित करें जिनके द्वारा 120 से कम लाभार्थियों को केवाईपी केंद्र पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि समय से पूर्व कार्य योजना बनाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को केवाईपी केंद्र में पंजीकृत करते हुए उन्हें कुशल युवा कार्यक्रम के तहत आच्छादित किया जा सकें। जिला नियोजन पदाधिकारी को इसका अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

## खबरें फटाफट

### आरपीएफ की तत्परता से दो घंटे में परिजनों से मिले तीन बिछड़े बच्चे

**बक्सर।** रेलवे की तत्परता से ट्रेन में अपने परिजनों से बिछड़े तीन बच्चे दो घंटे में ही अपने परिजनों से मिल गए। घटना मंगलवार की दोपहर की है। भोजपुर जिले के शाहपुर थाने के बहोरनपुर की रहने वाली अधेड़ महिला आरती देवी ने बताया कि वह अपने बेटी व पुत्र के चार पुत्र-पुत्रियों को लेकर हैदराबाद पहुंचाने जा रही थी। उनका 12792 अप दानापुर सिकंदरा एक्सप्रेस में आरा स्टेशन से टिकट आरक्षित था। वह, मंगलवार को आरा पहुंचकर अपने घर के एक किशोर को जो आरा रहकर पढ़ाई करता था, उसे स्टेशन पर बुलाया। एक बजे के आसपास ट्रेन स्टेशन पर पहुंची। जहा वह ट्रेन पकड़ने के क्रम तीन बच्चों सुप्रिया राय व अंकित राय वर्ष पिता मंटू राय, बहोरनपुर शाहपुर, आराध्या राय पिता रामानुज राय को ट्रेन में चढ़ा दिया और सामान भरे बैग भी रख दिए। खुद व एक तीन वर्षीय बच्चा प्लेटफार्म थे तभी, ट्रेन खुल गई। वह, ट्रेन में नही चढ़ पाए। ट्रेन में बच्चों को छूट जाने पर वह रोने व चिल्लाने लगी। इधर, बच्चे भी रोने लगे। ट्रेन में चढ़े यात्रियों ने बच्चों को सुरक्षित बैठा दिया। ट्रेन चले जाने के बाद किसी यात्री ने उन्हें आरा आरपीएफ पहुंचाया। जहां महिला उन्हें अपनी सारी कहानी बताई। आरा आरपीएफ ने बक्सर आरपीएफ को सूचना दी। जिसके बाद आरपीएफ ने इस संबंध में संज्ञान लेते हुए काम शुरू किया।

## जिलाधिकारी ने सिमरी में जीविका द्वारा आयोजित रोजगार मेले के दौरान कहा-

# मुख्यमंत्री की वरीयता सूची में शामिल है जीविका द्वारा महिलाओं का सशक्तिकरण

♦ डीएम ने रोजगार मेले का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने सिमरी प्रखंड मुख्यालय में जीविका के द्वारा आयोजित रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जीविका के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता में से हैं। जीविका के माध्यम से आयोजित रोजगार-सह-मार्गदर्शन मिला में सभी युवाओं व युवतियों को बढ़-चढ़कर सम्मिलित होने का अपील किया गया। जिलाधिकारी ने जिला परियोजना प्रबंधक जीविका बक्सर को निर्देश दिया कि रोजगार मेला के आयोजन के संबंध में पूर्व से व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेला में कुल 534 रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए जिसमें 106 ग्रामीण युवाओं व युवतियों का चयन किया गया। रोजगार मेला में बिहार एवं अन्य राज्यों के विभिन्न कंपनियों द्वारा सुरक्षा गार्ड, स्विंग मशीन ऑपरेटर, तकनीकी सहायक, सेल्स मेन, सुरक्षा गार्ड, मशीन ऑपरेटर, टेक्सटाइल एक्सपर्ट, डिलीवरी बॉय, हेल्थ केयर, जीएनएम, एएनएम, जीडीए इत्यादि पदों पर ग्रामीण युवाओं व युवतियों का चयन किया गया।

**गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाता है :** जीविका सर्वप्रथम गांव के अत्यंत गरीब टोलों की पहचान कर स्वयं सहायता समूह निर्माण का कार्य आरंभ करती है। समूह निर्माण के पूर्व समुदाय की सहभागिता से गांव के अत्यंत गरीब टोलों की पहचान कर स्वयं सहायता समूह निर्माण का कार्य आरंभ करती है। समूह निर्माण के पूर्व समुदाय की सहभागिता से गांव का मानचित्रण किया जाता है एवं गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाता है। स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं की क्षमता एवं सोच को देखकर समूह को जोडकर ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघों का गठन किया गया है जो इन्हें विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्रदान कर रही है। साथ ही, उनके आजीविका संवर्धन एवं आजीविका गतिविधियों को संयुक्त रूप से संचालित करने हेतु विभिन्न उत्पादक समूह एवं उत्पादक कंपनियों का गठन किया गया है जो इनके उत्पाद को बिक्री करने एवं अधिक उत्पादन में सहयोग प्रदान कर रही है।

इस कार्य योजना के तहत बक्सर जिला में जीविका की शुरूआत वर्ष 2013 में चरणबद्ध तरीके से की गयी थी एवं आज यह सभी 11 प्रखंडों में क्रियान्वित है। प्रारंभ से लेकर अभी तक बक्सर जिलें में कुल 13363 स्वयं सहायता समूहों का निर्माण किया गया है। जिससे 159002 परिवार जुडे हुए है। स्वयं सहायता समूहों को जोडकर ग्राम संगठन का निर्माण किया गया है एवं अभी तक कुल 12794 स्वयं सहायता समूहों को जोडकर कुल 1008 ग्राम संगठन बनाए गए है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में 26 संकुल स्तरीय संघ है। बक्सर जिलें में कुल 13363 स्वयं सहायता समूहों में से 13164 स्वयं सहायता समूहों का खाता विभिन्न बैंकों के माध्यम से खोला जा चुका है। 12984 स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंकों से वित पोषित किया जा चुका है।

**वाईएमडी के माध्यम से दिया गया रोजगार :** रोजगार मेला एवं यूथ मोबिलाइजेशन ड्राइव (वाईएमडी) के माध्यम से वर्ष 2016 से अब तक कुल 2913 युवक-युवतियों को विभिन्न संगठनों जैसे केपीआरमिल लिमिटेड, जी-4 एस सिक्योरिटी, आरटीडी ग्लोबल, इंकाम एक्सप्रेस, उत्कर्ष माइक्रों फाईनान्स, अरबिन्दों फार्मा, फ्लिपकार्ट, शिव शक्ति बायो टेक्नोलॉजी, ग्रेविज, एलएंडटी, एसआईएस, रिलायंस हॉस्पिटल, जोमौटो, जेके टायर्स में योग्यता एवं कुशलता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया गया, जो अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ कर रहें है।

### आरएसईटीआई स्वरोजगार हेतु देता है प्रशिक्षण

आरएसईटीआई बक्सर के द्वारा स्वरोजगार हेतु पेपर बैग बनाने, सिलाई, ब्यूटीशियन, डेयरी, एवं वर्मी कंपोस्ट, मशरूम उत्पादन, पोल्ट्री, मोबाइल रिपेयरिंग, पापड़ एवं अचार बनाने की प्रशिक्षण दिया जाता है। आरएसईटीआई के माध्यम से वर्ष 2016 से अब तक कुल 2681 युवाओं/युवतियों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें से 1834 लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया है। डीडीयूजीकेवाई के माध्यम से अब तक कुल 1347 युवाओं व युवतियों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें से 1001 को विभिन्न कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र में भी जीविका के माध्यम से जीविकोपार्जन सुनिश्चित किया जा रहा है। बिहार में ग्रामीण गरीबी उन्मूलन की दिशा में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) एक सशक्त एवं प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित है। राज्य सरकार ने विश्व बैंक के सहयोग से वर्ष 2007 में इसका गठन कर बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन परियोजना की शुरूआत की गई। राज्य के छः जिलों के 18 प्रखंडों से शुरूआत की गयी। यह परियोजना चरणबद्ध तरीके से विस्तारित होकर राज्य के सभी 534 प्रखंडों में कार्यरत है। इसके अंतर्गत गरीबों के सामुदायिक संगठनों का निर्माण कर जीविकोपार्जन हेतु वितीय सहयोग, सूक्ष्म ऋण तथा लेखा प्रबंधन के लिए क्षमता विकास किया जाता है।

## एक नजर

### पत्नी के श्राद्धकर्म पर लगाए पीपल के पौधे



**बक्सर।** कहा जाता है कि यदि निश्चय दृढ़ हो तथा ध्यान लक्ष्य पर केन्द्रित हो तो परिस्थितियां मार्ग भटका नहीं सकती है। इसे चरितार्थ कर दिखाया है डुमरांव के युवा पर्यावरणविद् व इंटर कॉलेज में भूगोल के व्याख्याता संजय कुमार सिंह ने। उनकी पत्नी साधना का निधन 31 अगस्त को यूपी के चंदौली के एक अस्पताल में प्रसव के दौरान हो गया था। मंगलवार को ही उनका श्राद्धकर्म था। श्राद्धकर्म के मौके पर संजय ने नगर के टिचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास स्थित तालाब के पास पीपल का पेड़ लगा पत्नी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पत्नी के बिना दो मासूम बच्चों की परवरिश में उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन यह पीपल का पेड़ उन्हें हमेशा अपनी पत्नी की याद दिलाते रहेगा। साथ ही, इस बहाने पर्यावरण का संरक्षण भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पीपल के पास वे एक चबुतरा का निर्माण भी कराएंगे, जिसका नाम पत्नी के नाम पर साधना स्थल रखेंगे। उनके इस प्रयास की पर्यावरण प्रेमियों तथा सामाजिक कार्यकताओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है और कहा है कि इस विकट घड़ी में भी उनका पर्यावरण प्रेम जिंदा है। बता दें कि संयज पर्यावरण संरक्षण अभियान से जुड़े है तथा वे केन्द्र सरकार के नीम, तुलसी, पीपल अभियान के तहत अबतक सैकड़ो पौधे भी लगवा चुके हैं। इसके अलावे वे डुमरांव में योग गुरू के नाम से भी जाने जाते है तथा

### जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उर्वरक की कालाबाजारी पर नियंत्रण सुनिश्चित करें : डीएम



**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक संयुक्त कृषि भवन के सभागार में की गई। समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बक्सर जिला में कहीं से भी उर्वरक की कमी के संबंध में सूचना प्राप्त नहीं है। जिलाधिकारी निर्देश दिया गया कि उर्वरक विक्रेताओं पर सतत निगरानी रखी जाय एवं जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उर्वरक की कालाबाजारी पर नियंत्रण सुनिश्चित की जाए। ताकि कृषकों को उचित मूल्य पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जा सकें। वहीं, सोन नहर प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता एवं गंगा पम्प नहर चौसा के कार्यपालक अभियंता ने जिलाधिकारी को बताया कि जिला अंतर्गत पानी की समस्या कहीं से परिलक्षित नहीं है। अंतिम छोर तक पानी उपलब्ध कराई जा रही है। निकृष योजना की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प नहर चौसा को निर्देश दिया गया कि संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि नलकूपों को चालू कराने हेतु विभाग से सम्पर्क स्थापित कर विद्युत विभाग को यथाशीध्र राशि उपलब्ध कराई जाय। बैठक में उप विकास आयुक्त बक्सर, जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता सोन नहर प्रमंडल बक्सर, कार्यपालक अभियंता गंगा पंप नहर चौसा, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनसीसी कैटेड्स का किया गया चयन



**बक्सर।** मंगलवार को 30 बिहार बटालियन एनसीसी बक्सर द्वारा पीसी कॉलेज परिसर में एक कैंप लगा नये सत्र के लिए एनसीसी कैडैट्स का चयन किया गया। यह कैंप 30 बिहार बटालियन एनसीसी बक्सर के सुबेदार मेजर देवु राज साह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था। जिसमें छात्रों के फिजिकल टेस्ट, माप-तौल, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार आदि प्रक्रिया में सफल हुए कुल 54 छात्रों को नये सत्र के लिए एनसीसी कैडेट के रूप में चयनित किया गया। कैडेट्स के चयन के दौरान 30 बिहार बटालियन एनसीसी बक्सर के सुबेदार महेश प्रसाद, नायब सुबेदार सीएस साहब, सीएचएम अशोक कुमार तथा पीसी कॉलेज के एनओ प्रो. कमलेश कुमार सिंह समेत सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

# जदयू को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को सार्थक पहल करना चाहिए: जिलाध्यक्ष

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला मुख्यालय स्थित गोयल धर्मशाला में मंगलवार को जदयू के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पार्टी के सभी प्रखंड प्रभारी, विधान सभा प्रभारी के साथ प्रखंड अध्यक्ष, नगर प्रभारी और जिला के नेतागणों ने हिस्सा लिया। बैठक में जदयू को बूथ तक मजबूत करते हुए अधिक से अधिक वोट को अपने पक्ष में स्थानांरतन करने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी ने औपचारिकता के साथ अपने अपने सुझाव रखे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का वोट ग्राम, प्रखण्ड, जिला या प्रदेश के सभी इलाकों में हैं। नीतीश कुमार जन-जन के नेता हैं और न्याय के साथ सभी वर्गों के समावेशी विकास के लिए सदैव संकल्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी बूथ पर पार्टी के नेता, प्रखण्ड के प्रभारी लोगों को चिन्हित कर दल को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को सार्थक पहल करना चाहिए। साथ ही, सभी वर्गों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उसको पूरा किया जाए। तभी लोग जदयू के साथ मजबूती से हर समय खड़ा रहेंगे। हम सभी को लोगों की छोटी छोटी समस्याओं को ध्यान में रखना होगा। तभी हम आने वाले विधानसभा चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन चौधरी, संजय सिंह राजनेता, सुरेंद्र कुशवाहा, राघवेंद्र उज्जैन, प्रीति पटेल, मोहम्मद मुस्तफा, काशी सिंह, सिद्धेश्वर चौधरी, आजाद सिंह राठौड़, विमलेंद्र कुमार बब्लू, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, उत्तम तिवारी, हीरालाल निषाद, विश्वनाथ पासवान, कृष्णा सिंह, सितेश्वर गौड़, अजय चंद लोधी, राजेश कुशवाहा, संजय सिंह, कमलेश गुप्ता, रमेश पासवान, भोला यादव, संजय चौधरी, विजय कुशवाहा, फूटचंद कुशवाहा, अजय उपाध्याय, प्रेम शंकर मिश्र, कमलेश यादव, सत्यानंद कुशवाहा, बंधन प्रजापति, अनिरुद्ध तिवारी, संदीप ठाकुर, हरिहर कुशवाहा व अन्य मौजूद रहे।

# एसपीजीआरओ ने डीपीएम व अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों से की पूछताछ

♦ तत्कालीन सिविल सर्जन पर लगे गंभीर आरोपों को लेकर हुई जांच

**केटी न्यूज/बक्सर**



गत दिनों तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा पर लगे आरोपों की जांच करने अपर समाहर्ता सह पीजीआरओ संजय कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डीपीएम मनीष कुमार सहित अन्य कर्मियों से घंटों पूछताछ की। हालांकि उसकी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया गया। इस संबंध में कोई भी कुछ बोलने का तैयार नहीं है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन सीएस पर आरोप लगा है कि सदर अस्पताल में कार्य डॉ श्याम रजक जो पूर्व में इटाढ़ी प्रखंड में कार्यरत थे। उनके कार्यकाल के दौरान वहां कई गड़बड़ी सामने आयी थी। उन्हें वहां से हटा दिया गया था। पुनः वापस इटाढ़ी भेज दिया गया है। चरित्रवन में चलने वाले हॉस्टिपल शील पर पूर्व में सुरेश चंद्र सिन्हा ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। मामला जब तूल पकड़ने लगा था। तब इन्होंने पचास हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। साथ ही कई निजी नर्सिंग होम इनकी देखरेख में अवैध तरीके से संचालित हो रहे थे।सफाई एनजीओ की कार्य प्रणाली दबाने का प्रयास किया था। वहीं विभागीय सूत्रों ने यह भी बताया कि जब डॉ आरके गुप्ता जब सदर अस्पताल में उपाधीक्षक के पद पर तैनात थे। तब उन्होंने कई डॉक्टरों के वेतन में कटौती की थी। क्योंकि वह रोस्टर व बायोमैट्रिक के तहत ड्यूटी नहीं कर रहे थे। डॉ आरके गुप्ता के हटने के बाद कटौती वाले वेतन का भी भुगतान करने का प्रयास किया था। इसकी भी जांच चल रही है। यह मामले उजागर होने के बाद जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने इसकी जांच के लिए टीम गठित की थी। इसी के तहत टीम सिविल सर्जन कार्यालय में जांच व पूछताछ की। रिपोर्ट आने के बाद सारी सच्चाई खुलकर सामने आयेगी।

## जिला स्तरीय लीग मैच को लेकर जिला फुटबॉल संघ की बैठक में लिए गए निर्णय

# बक्सर जिले में 20 सितंबर से शुरू होगा जिला स्तरीय लीग मैच, तैयारी पूरी

♦ इटाढ़ी, सिमरी और मुगांव को दिया गया है लीग मैच का सेंटर

**केटी न्यूज/बक्सर**



डुमरांव स्थित संत जॉन सेकंड्री पब्लिक स्कूल (काली स्थान) में मंगलवार को बक्सर जिला फुटबॉल संघ की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिले के सभी क्लबों के सचिव और रेफरियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आगामी दिनों में होने वाली प्रतियोगिताओं की रुपरेखा तय करने के साथ साथ संघ के खर्च का ब्योरा भी दिया गया। इस दौरान जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि आगामी 20 सितंबर को बक्सर जिले में जिला लीग मैच शुरू होने वाला है। जिसके लिए सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। लीग मैच का सेंटर इटाढ़ी, सिमरी और मुगांव को दिया गया है। लीग मैच पूर्वाह्न तीन बजे से शुरू होगा। यदि कोई टीम निर्धारित अवधि के दौरान नहीं आती है तो उसका 30 मीनट तक इंतेजार किया जाएगा। उसके बाद दूसरी टीम को वॉक ओवर दे दिया जाएगा।

**सभी टीम के कैप्टन अनिवार्य रूप से पहनेंगे अपना कैप्टन बैंड :** अध्यक्ष रमेश सिंह ने सख्ती के साथ सभी टीम के सचिवों को निर्देश दिया कि मैच के दौरान सभी टीम के कैप्टन अपना कैप्टन बैंड अनिवार्य रूप से पहनेंगे। यदि किसी टीम का कोई खिलाड़ी अनुशासनहीनता करता हुआ पाया गया तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद संघ के द्वारा आय व्यय के ब्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसमें मोइनुल हक कप के साथ जिला फुटबॉल संघ के खर्च का भी ब्योरा दिया गया। मौके पर दलसागर फुटबॉल क्लब के सचिव भुपेंद्र लाल, विश्वामित्र फुटबॉल क्लब के सचिव चुनमुन शर्मा, नवयुवक आजाद स्पोटर्स क्लब के विनय कुमार, इटाढ़ी इलेवेन स्टार क्लब के सचिव जर्नादन सिंह, बिहार रेफरी आदित्या, पिंटू कुमार, सिमरी के रणजीत राय, सिमरी के संतोष पांडेय, सर्वोदय क्लब के मैनेजर दिनेश कुमार सिंह, अमरजीत युवा क्लब के राजकुमार पासवान, धनसोई राजपुत क्लब राजेश सिंह, बसुधर मां क्लब श्रीकांत सिंह, एमएमएफसी बक्सर के सचिव मो. इरफान खान, संतोष कुमार पांडेय, संजय कुमार, रोहित यादव, सुनील कुमार पासवान तथा रेफरी अरविंद कुमार व पप्पू कुमार सिंह मौजूद रहे।



# कब होगा शुरूः 11 वर्ष बीत गए किसानों को नहीं मिला मलई बराज परियोजना का लाभ,अब तक 57 करोड़ खर्च

- इस परियोजना से बक्सर व भोजपुर जिले के लगभग 7 हजार 994 हैक्टेयर असिंचित भूमि होगा सिंचित
- 2012 में सेवा यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने रखी थी नींव



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बहुचर्चित सिंचाई परियोजना मलई बराज का निर्माण कार्य ग्यारह साल बाद भी अधर में लटका हुआ है। बक्सर व भोजपुर जिले के लगभग 7 हजार 994 हैक्टेयर असिंचित भूमि को सिंचित करने वाली यह महत्वकांक्षी परियोजना विभागीय लापरवाही के कारण पूरी नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मई 2012 को बराज निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिला था। दो वर्षों तक रोहतास जिले के कुछ चिन्हित किसानो के विरोध के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया। इसके बाद वर्ष 2015 में नए प्राकलन के अनुसार निर्माण का काम शुरू हुआ। पर ग्यारह वर्ष बीत जाने के बाद भी बराज का निर्माण शत प्रतिशत पूरा नहीं हो सका। वतार्मान समय मे अर्धनिर्मित बराज परियोजना के लोहे के खम्भो में जंग लगना शुरू हो चुका है। चुनाव नजदीक आते ही स्थानीय विधायक अजित कुमार कुशवाहा के द्वारा मलई बराज परियोजना का निरिक्षण भी किया जाने लगा ।

दरअसल, मलई बराज परियोजना वर्ष 2012 में ही सेवा यात्रा के दौरान सूबे के मुखिया नीतीश कुमार ने बकायदा शिलान्यास कर इसके निर्माण की तारीखें भी पक्की कर दी थी। बावजूद, इसके परियोजना अब तक अधर में ही लटकी रही। लगभग 58.25 करोड़ की लागत से काम शुरू होने के बाद डिजाइन में दोष के कारण एक बार पूरा बना-बनाया पाया धंस गया। इसकी वजह से तीन-चार वर्षों तक काम लटका रहा। उसके बाद पुनः मलई बराज परियोजना का काम नए सिरे से शुरू किया गया है। निर्माण कंपनी पुराने पिलर और गलत निर्माण को तोड़ कर दुबारा नए सिरे से उसे तैयार किया है। दूसरे चरण की स्वीकृत राशि भी 58.25 करोड़ ही रखी गई है। हालांकि इस परियोजना में जैसे-जैसे राशि बढ़ी वैसे-वैसे परत-दर-परत भ्रष्टाचार भी हुआ है।

**पानी के लिए 57 करोड़ खर्च**

**फिर भी किसानों के खेत तक पानी नहीं :** आरटीआई कार्यरता निराला चौधरी के द्वारा एक वर्ष पूर्व सिंचाई प्रमंडल नावानगर के कार्यपालक अभियंता से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। जिसमे कार्यपालक अभियंता ने जबाब दिया है कि योजना का कार्य मार्च 2024 में ही पूर्ण हो जाएगा। अबतक के कार्य मे 57 करोड़ 68 लाख राशि खर्च कर दिया गया है। पानी के लिए पानी की तरह राशि खर्च कर दिया गया। लेकिन किसानों को अबतक पानी नहीं मिला। जिसके कारण क्षेत्र में किसानों का खेती से ही मोह भंग हो रहा है। हालांकि किसानों के इस मजबूरी का नेताओ ने खूब फायदा उठाया। इस परियोजना के नाम पर खूब वोट बटोरो है।

**हजारों किसानों को मिलेगा लाभः** इस परियोजना का निर्माण हो जाने के बाद लगभग 7994 हेक्टेयर भूमि मे सिंचाई पुर्नस्थापित की जा सकेगी। जिससे नावानगर, केसठ, चौंगाई, डुमरांव, ब्रम्हपुर व साहपुर प्रखंड के हजारों किसानों को फायदा होगा।

"डूबने वाले क्षेत्र में लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से होगा सिंचाई मलई बराज परियोजना का कार्य लगभग समाप्ति के कगार पर है। रोहतास क्षेत्र के लोगो के द्वारा खेत डूबने के कारण इसपर रोक लगाया गया था। लेकिन विभाग के द्वारा इसका भी समाधान कर दिया जाएगा डूबने वाले क्षेत्र में लिफ्ट इरीगेशन विधि का प्रयोग कर पंप के माध्यम से सिंचाई योग्य पानी का सप्लाई दिया जाएगा।

**– मनोज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, मलई बराज**

### जमीन अधिग्रहण नहीं होने से बाधित रहा कार्य

बराज निर्माण का कार्य कर रहे संवेदक के इंजीनियर बताते हैं, कि स्ट्रेक्चर का कार्य लगभग 90 फीसदी पूरा कर लिया गया है। पर मार्जिनल बांध व दाई लिंक चैनल के लिए जमीन अधिग्रहण नहीं होने से आगे का काम रुक हुआ है। जब तक डूब क्षेत्र के लिए भूमि की अधिग्रहण नहीं होती, तबतक ब्रज में फाटक नहीं लगाया जा सकता।

### निर्माण में अनियमित को लेकर सुर्खियों में रहा है यह योजना

इस परियोजना के निर्माण में अनियमित को लेकर यह योजना कुछ दिनों तक सुर्खियों में रहा। बराज निर्माण के लिए आपूर्ति की गई बोल्डर में हुई अनियमितता को लेकर एक साल तक विभागीय जांच का दौर चला। उस दौरान अनियमितता में संलिप्त अभियंताओं पर गाज गिरी। उसके बाद फिर कार्य शुरू हुआ। कार्य शुरू होने के दो साल बाद नदी में आई बाढ़ के दबाव को बराज के मुख्य पिलर सह नहीं पाए। पानी के दबाव से दो पिलर गिर गए। इन सब अनियमितताओं के चलते लगभग दो साल तक बराज निर्माण का काम बाधित रहा। विभाग के मुताबिक स्ट्रक्चर का कार्य लगभग पूरा हो चला है। डूब क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहण में विभाग की उदासीनता निर्माण कार्य पूरा होने में रोड़ा बन हुआ है।

## टेढ़ी बाजार रोड स्थित पंडाल में आदिशक्ति का दर्शन करेंगे श्रद्धालु



**डुमरांव।** शारदीय नवरात्र को लेकर शहर में जगह-जगह दुगार्पूजा को लेकर मूर्ति स्थापित करने और आकर्षक पंडाल बनाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। कमिटी में शामिल नौजवान अपने साथियों के साथ बैठक कर पंडाल बनाने, खर्च आने और कारीगर को बुलाने का अमलीजामा पहना रहे हैं।

इसी कड़ी में ठठेरी बाजार में श्रीमां दुगार्पूजा समिति ने इस बार देवी का रूप मां आदिशक्ति, जिन्होंने असुरों के संहार के लिए महाकाली, महासरस्वती और महालक्ष्मी को अवतरित किया था। इसबार पंडाल में विभिन्न महाशक्तियों का श्रद्धालु दर्शन करेंगे। जिले ही नहीं बंगाल के भी कारीगरों द्वारा मां जगदम्बें सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। पंडालों में कारीगरों द्वारा बनाए गए प्राकृतिक फूलों से माता का मंदिर सजाया जाएगा। सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी को उपस्थित भक्तों द्वारा माता की महाआरति की जाएगी। कमिटी में समिति सलाहकार हरिनारायण पाठक, व्यवस्थापक विकास ठाकुर, प्रभारी सोनू गुप्ता, संयोजक राजन, अध्यक्ष अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष अकेला अशोक हैं।

### चयनित वेंडर ही करेंगे पेवर ब्रिक्स, गैबीयन, पौधा सहित अन्य की आपूर्ति

# रजिस्टर्ड वेंडर से होगी सामानों की खरीदारी, वेंडर हुए चयनित

**केटी न्यूज/बक्सर**

मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा लगातर प्रयास किया जा रहा है । कुछ हद तक इस योजना में भ्रष्टाचार पर विराम लगा है । अब कार्यो का भौतिक सत्यापन किए बिना मजदूरों का भी मजदूरी नहीं मिलेगी । साथ ही मेटेरियल की खरीदारी एवं भुगतान रजिस्टर्ड वेंडर के माध्यम से ही होगा। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए विभाग के निर्देश पर जिला के माध्यम से मेटेरियल को सप्लाई करने के लिए वेंडर को चयनित किया गया है। जिसकी लगभग कुल संख्या लगभग 59 है।

चयनित वेंडर में पेबर ब्रिक के लिए अलग,पौधा के लिए अलग सीमेंट छड गिट्टी के लिए अलग वेंडर का चयन किया गया है। जो करीब तीन सालों से कार्य कर रहे है। सूत्रों की मानें तो इन चयनित वेंडर में कई वेंडर का धरातल पर दुकान तक नही है। वही हाल के ही जारी निर्देश के मुताबिक अब मनरेगा कार्यालय को भी जीएसटी एवं टीआईएन नंबर लेना होगा। ऐसा आदेश मनरेगा आयुक्त राहुल कुमार के द्वारा जारी किया गया है। उसमे वर्णित है की चयनित वेंडर में भुगतान कार्यालय के माध्यम से होता है। जिसमे रॉयल्टी टैक्स भी जमा करना होगा। ताकि सरकार के राजस्व बढ़े।

**मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से भी निगरानी :** इसको लेकर ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एमएमएस) एप्प लांच किया है। जिससे कार्यो में पारदर्शिता आ रही है। इसके बाद भी विभाग ने सभी मजदूरों का आधार एवं बैंक पासबुक को एक साथ पोर्टल पर लिंक कर बायोमेट्रिक के माध्यम से हाजरी लगाएगी। बक्सर जिला के सभी 137 पंचायतो में कुल 2 लाख 56 हजार 49 मनरेगा मजदूर है। जिसमे 1 लाख 91 हजार 152 को आधार एवं बैंक एकाउंट से निबंधित कर दिया गया है। ताकि शत प्रतिशत मजदूरों का भुगतान आधार बेस्ट के माध्यम से हो।

### भ्रष्टाचार पर लगेगा विराम...



प्रतिकात्मक तस्वीर

### मजदूरी में फजीर्वाड़ा पर भी लगा विराम

मनरेगा में 60 फीसदी भुगतान मजदूरों का होता है। जिसमे मुखिया एवं मनरेगा पीआरएस के द्वारा व्यापक स्तर पर फजीर्वाड़ा किया जाता था। इन लोगों के द्वारा बिना मजदूरी किए लोगो के नाम पर भुगतान करवाया जाता था। लेकिन अब इस पर विराम लग रहा है। सरकार के निर्देश पर अब इन लोगों की हाजरी ऑनलाइन एप से किया जा रहा है। जिसमे अब न तो मस्टररोल में फर्जी नाम लिख सकेंगे और न ही उनकी फर्जी हाजिरी बना सकेंगे। बल्कि मस्टररोल में दोहरे नाम भी पकड़ में आ जाएंगे।

### प्रतिवर्ष होते रहे घोटालों के पदार्फाश

मनरेगा में 60 फीसदी भुगतान मजदूरों का होता है। जिसमे मुखिया एवं मनरेगा पीआरएस के द्वारा व्यापक स्तर पर फजीर्वाड़ा किया जाता था। इन लोगों के द्वारा बिना मजदूरी किए लोगो के नाम पर भुगतान करवाया जाता था। लेकिन अब इस पर विराम लग रहा है। सरकार के निर्देश पर अब इन लोगों की हाजरी ऑनलाइन एप से किया जा रहा है। जिसमे अब न तो मस्टररोल में फर्जी नाम लिख सकेंगे और न ही उनकी फर्जी हाजिरी बना सकेंगे। बल्कि मस्टररोल में दोहरे नाम भी पकड़ में आ जाएंगे।

### आधार बेस्ड होगा मजदूरों का भुगतान



"मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए विभाग के द्वारा कई बड़े बदलाव किए गए। मजदूरों का भुगतान अब ऑनलाइन एवं आधार बेस्ड के माध्यम से एक फरवरी से ही किया जा रहा है। जबकि सामग्री निबंधित वेंडर के द्वारा हो रहा है। इसको लागू होने के बाद से कई मनरेगा में अनियमितता कम हुआ है। वही शिकायत भी बहुत कम आने लगे है।

**– डॉ महेंद्र पाल, डीडीसी बक्सर**

## जलसंकट झेल रही है 200 घरों की आबादी

- अनगर के चारमोटिया इनार के पास लगे बोरिंग से नहीं चढ़ता टंकी में पानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर में पहले से की गई पेयजल व्यवस्था दम तोड़ रही है। उसी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। नगर के चारमोटिया इनार के पास दो-दो हजार का दो पानी का टंकी लगाया गया है। उस टंकी में पानी भरने के लिए बोरिंग भी लगाया गया है। चार साल पहले लगे पानी टंकी में जब पानी भरने की कोशिश की गई तो पानी चढ़ ही नहीं पाया जिससे टंकी को नहीं भरा जा सकता। तब से टंकी में पानी नहीं भर बोरिंग को चलाकर सीधे पानी की सप्लाई मोहल्लों में की जाती है।

विदित हो कि चारमोटिया इनार मोहल्ला में लोगों को प्यास बुझाने के लिए पानी टंकी लगाकर बोरिंग से पानी भरने की व्यवस्था की चार साल पहले की गई थी। लगाए गए टंकी में पानी बोरिंग से भरने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। मोहल्लेवासियों ने बताया की बोरिंग से जब भी पानी भरने की कोशिश की गई नाकामी ही मिली। मोटर कमजोर होने के कारण पानी का प्रेसर नहीं बन पा रहा था। ज्यादा पावर के मोटर लगाने की जगह ठेकेदार ने उसी स्थिति में छोड़ दिया। लिहाजा बोरिंग से पानी टंकी में नहीं भर उसे सीधे पाइप के माध्यम से जलापूर्ति किया जाने लगा। वर्तमान समय में भी यही स्थिति चल रही है। उस समय परेशानी में मोहल्ले के लोग पड़ जाते हैं, जब बिजली गायब रहती है। मोटर नहीं चल पाता और पानी की सप्लाई नहीं हो पाती। घरों का बर्तन नल के पास जमा रहता है और लोग बिजली आने का इंतजार करते रह जाते हैं। कभी-कभी तो पानी की आपूर्ति नहीं होने से खाली बर्तन उठाना पड़ जाता है। यही टंकी में पानी भरा रहता तो उन्हें पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ता।

इस संबंध में जब ईओ मनीष कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की मुझे इसकी जानकारी नहीं है। कर्मी को भेज रिपोर्ट मांगकर जरूरत के अनुसार पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

## ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के लिए छात्रों का दल रवाना

**डुमरांव।** स्थानीय वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय ने मंगलवार को चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए अपना ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में कुल 30 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 13 छात्रा और 17 छात्र हैं। छात्र दो अलग-अलग कृषि विज्ञान केंद्रों में रहेंगे। छात्राएं केवीके रोहतास में रहेंगी और छात्र केवीके औरंगाबाद में रहेंगे। डॉ. मणि भूषण, डॉ. नंदिनी साहा और प्रियंका कुमारी के मार्गदर्शन में छात्रों के इस कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार सिंन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम व्यवहारिक प्रशिक्षण अकादमिक शिक्षा और व्यावहारिक कृषि अनुभव के बीच अंतर को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पटना में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में केसठ के दो प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**केटी न्यूज/केसठ**

पटना के ज्ञान भवन में 10 सितंबर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में जिले के 10 प्रतिनिधि और तीन पदाधिकारियों को भाग लेने के लिए चयनित किया गया था।

जिसमें केसठ के दो प्रतिनिधियों के नाम शामिल है। चयनित नाम में केसठ पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान और बीडीसी सदस्य असलम हुसैन शामिल है। जो सड़क मार्ग से पटना रवाना हुए। इस कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को ही हुई जो 12 सितंबर तक चलेगा। कार्यशाला का विषय सोशली जस्ट एंड सोशली सिक्योर्ड पंचायत विषय पर प्रतिनिधि एवं एक्सपर्ट ने किया। यह कार्यक्रम पंचायती राज विभाग बिहार पटना की ओर से आयोजित किया गया है। जिसमें पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के प्राप्त निर्देश पर ग्राम पंचायत के सतत विकास के लक्षण को स्थानीयकरण के 9 थीमों में से थीम सेवन को चुना गया है।

## वन विभाग की टीम व बाहर से आए शूटरों ने दो नीलगायों को किया शूट

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड के किसानो को अब नीलगाय एवं जंगली सूअर के आतंक से जल्द ही छुटकारा मिलने वाला वाला है । सरकार ने नीलगाय एवं जंगली सुअर को मारने एवं दफनाने की जिम्वेदारी पंचायत के मुखिया को दी दिया है।

जारी नियमावली के तहत स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कोरानसराय पंचायत में मुखिया कांति देवी के अनुशंसा पर वन विभाग की टीम ने खेतो में लगे फसल को बर्बाद कर रहे नीलगाय को शूट किया है। नीलगाय को वन विभाग के शूटर के द्वारा शूट किया गया है। बीडीओ संदीप कुमार पांडे ने कहा कि खेती और बागवानी के फसलों को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 4 (1) सी के तहत अब मुखिया ही फसलों को क्षति पहुंचाने वाले नीलगाय या जंगली सुअर को शूट आउट करवा सकते है। इसके लिए कुछ प्रक्रिया पूरी करनी है। फिर शूट आउट करवाने के साथ ही शव को दफन करवाने की भी जिम्मेवारी मुखिया की ही होगी। विभाग के नियमावली के तहत कोरानसराय में नीलगाय को शूट किया गया है। उन्होंने कहा कि एक बार में मुखिया 50 से अधिक जानवरों को शूट आउट करने की अनुमति नहीं देंगे।

# बायोमेट्रिक के माध्यम से लगेगी पंचायत के कर्मियों की हाजिरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव ने जारी किया पत्र, बीपीआरो करेंगे जांच

पंचायत की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सरकार के द्वारा अब पंचायत में बने पंचायत सरकार भवन के नियमित संचालन को लेकर इसमें बायोमेट्रिक सुविधा को बहाल करने का निर्देश जारी किया है ताकि पंचायत के कर्मी जैसे कार्यपालक सहायक, तकनीकी सहायक एवं पंचायत सचिव जारी रोस्टर के मुताबिक पंचायत में उपस्थित रहकर पंचायत से सम्बन्धित योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीको से कर सकेजिसका लाभ पंचायत के ग्रामीणों को समय पर मिले।

यह प्रक्रिया एक सितम्बर, 2024 से ही लागू है। लेकिन प्रखंड के पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत भवन में अब तक बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगा है। इसके लिए विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार डीएम को पत्र भी जारी कर दिए है। इस आदेश के दायरे में संविदा कर्मी भी शामिल हैं। यह प्रक्रिया लागू होने के बाद पंचायत के ग्रामीणों को अपना कार्य करने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ग्रामीणों को पूर्ण रूप से आरटीपीएस काउंटर का लाभ मिलेगा साथ ही पंचायत के योजनाओं में भी तेजी देखने को मिलेगा। प्रखंड कार्यालय में बीपीआरओ सहित निम्न वर्गीय कमी लेखपाल कार्यपालक सहायक का भी बायोमेट्रिक के माध्यम से ही अटेंडेंस लगेगा। जिसके पर्यवेक्षक बीडीओ होंगे। वहीं पंचायत सरकार भवन में पंचायत सचिव,जेई, कार्यपालक सहायक सहित अन्य का लगेगा। जिसके पर्यवेक्षक बीपीआरओ होंगे।




### मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में शत-प्रतिशत दवा मिले इसके लिए आम जनता भी निभाए जिम्मेदारी

# सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है सूची के अनुसार दवा

**केटी न्यूज/छपरा**

- मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ दवा उपलब्ध कराने के लिए विभाग सजग



मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के साथ दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए विभाग सजग है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में शत प्रतिशत दवा उपलब्ध कराया जा रहा है। अगर कहीं दवा खत्म हो रहा तो तुरंत उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा मिले इसके लिए आम लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में कभी कभी दवा की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए आम जनता को आगे आना होगा। आम जनता को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की आपूर्ति की मांग करनी होगी। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की आपूर्ति को लेकर आम जनता की भी जिम्मेदारी है ।

**मुखिया और जनप्रतिनिधि भी जनता के प्रति रहें सजग :** अगर किसी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में दवा उपलब्ध नहीं हो तो इसकी शिकायत वरीय अधिकारी से करनी होगी। मुखिया और जनप्रतिनिधि भी अपनी जिम्मेदारी को निभाएं और अपने क्षेत्र में किसी अस्पताल में दवा उपलब्ध नहीं हो तो उसके लिए डिमांड करें। सिविल सर्जन और वरीय अधिकारी से मांग कर रहें कि दवा की आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए। मुखिया और जनप्रतिनिधि भी अपनी जिम्मेदारी को निभाएं और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा की आपूर्ति को सुनिश्चित करें।

### मरीजों को सुविधाएं मिले इसके लिए करता हूं कार्य

मैं तो हमेशा अपने क्षेत्र की जनता को हर संभव मदद का प्रयास करता हूँ। कई बार अस्पताल में दवा नहीं रहने पर मरीज मेरे पास भी फोन करते है। इसके बाद मेरी जिम्मेदारी बढ़ जाती है और अधिकारियो से बात करता हूँ और दबाव बनाता हूँ ताकि मरीजों दवा मिल सके।

– मनोज महतो, मुखिया, मुकरेड़ा पंचायत, रिविलगंज

### रात में भी होता है दवाओं का उठाव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी दवा उपलब्ध है। कभी परिवहन या किसी अन्य कारण से दवा की उपलब्धता कुछ समय के लिए खत्म हो जाती है। उसे भी समय पर उठाव किया जाता है। क्योंकि मेरा ब्लॉक जिला मुख्यालय से नजदीक है तो रात में भी दवा का उठाव हो जाता है।

– डॉ रोहित कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मांझी

# स्वच्छता केवल दिखावे के लिए नहीं बल्कि व्यवहार में लाना जरूरी : डीडीसी

♦ अपशिष्ट प्रबंधन के तहत राज्य के सभी गांव को दृष्टिगत स्वच्छता एवं ऑडियो प्लस बनाये जाने का लक्ष्य




**केटी न्यूज/आरा**

हर एक व्यक्ति को स्वच्छता केवल दिखावे के लिए नहीं व्यवहार परिवर्तन में भी लाना जरूरी है। स्वच्छता ही सेवा-2024 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज भोजपुर जिला के डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त महोदया के अध्यक्षता में सभी विभागों के साथ एक कन्वर्जेंस-सह-उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन , शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला विकास प्रभारी ,जीविका से जिला परियोजना प्रबंधक, जिला परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक महोदय निदेशक डीआरडीए, सहायक परियोजना पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के सभी स्वच्छता प्रखंड समन्वयक जिला स्वच्छता टीम एवं अन्य मौजूद रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण-लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा राज्य के सभी गांव को दृष्टिगत स्वच्छता एवं ऑडियो प्लस बनाया जाना लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन वर्ष 17 से किया जा रहा है इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन दिनांक 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा जिसका थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता है। स्वच्छ भारत मिशन की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत एसबीएम के कारण स्वच्छता के क्षेत्र में आए बदलाव एवं उपलब्धियां को उत्सव के रूप में मनाया जाना है। स्वच्छता ही सेवा 2024 के सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, नगर निकाय पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास, जीविका, एवं अन्य संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करके व्यापक स्तर पर लक्षित गतिविधियों का संचालन किया जाना है। जिले जिले स्तर पर कई व्यापक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। जो 14 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्थान पर आयोजित होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छ भारत एवं सांस्कृतिक उत्सव , कचरा से कला, संपूर्ण स्वच्छता अभियान स्वच्छ फूड स्टीट पल, गंगा तेरा पानी अमृत गंगा उत्सव, जीविका दीदी के साथ स्वच्छता संवाद, सफाई मित्र एवं सुरक्षा प्रहरी सुरक्षा शिविर की व्यवस्था, एक दिया स्वच्छता नाम, गंगा आरती, स्कूल कॉलेज आधारित गतिविधियां, जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी

**छपरा।** छपरा शहर के लिए सड़क जाम की समस्या एक बड़ी समस्या है जिसका मुख्य कारण सड़कों का अतिक्रमण है। कहीं सड़क पर ठेला वालों ने अतिक्रमण कर रखा है तो कहीं दोपहिया और चार पहिया वाहनों के खड़ी होने के कारण सड़क पर अतिक्रमण हो जा रहा है।फलस्वरुप सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है,इस सिलसिले में मंगलवार को यातायात डीएसपी बसंती टुडू दलबल के साथ सड़क पर उतर आई और स्वयं माइकिंग के जरिए सड़क अतिक्रमण करने वाले लोगों को हिदायत दी।

### पंचायती के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**छपरा।** जिले के मढौरा थाना अंतर्गत कर्णपुरा गांव स्थित ब्रह्मस्थान पर पंचायती के दौरान दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव के बाद मारपीट हुई धारदार हथियार भी चलने लगे थे। देखते ही देखते दोनों पक्षों से करीब दर्जन भर लोग जख्मी हो गए, जिन्हें आनन-फानन में मढौरा अस्पताल के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए छपरा सदर स्थान पर किया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।जख्मी में एक पक्ष से विजय तिवारी, अजय तिवारी, हरेराम तिवारी,मुन्ना तिवारी,निकू तिवारी एवं राजा तिवारी शामिल है जबकि दूसरे पक्ष से सत्येंद्र राय, रामदास राय, आनंद कुमार, गोपाल कुमार जख्मी हुए है।

भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की घटना

# सनकी पति ने पत्नी व दो मासूमों को टुकड़े-टुकड़े कर मार डाला

♦ पत्नी से झगड़ा के बाद गुस्से में आकर खंती से अपनी पत्नी, बेटी और दुधमुंहे बेटे पर चलाया खंती

♦ एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह और अजीमाबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे



**केटी न्यूज/आरा**

आरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक सनकी पति ने पत्नी समेत दो बच्चों की निर्मम हत्या कर दी है। मामला अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की बतायी जा रही है। घटना सामने आते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना के संबंध में पड़ोसियों ने बताया कि सनकी पति का अक्सर उसकी पत्नी से झगड़ा होता था। अक्सर वह मारपीट की घटना को अंजाम देता था। कई बार उसकी पत्नी घर छोड़कर भी भागी थी। परंतु लोकलाज के कारण वापस आ जाती थी। मंगलवार को भी पत्नी से झगड़ा के बाद गुस्से में आकर खंती से अपनी पत्नी, बेटी और दुधमुंहे बेटे की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्या के दौरान सनकी व्यक्ति ने खंती से अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया और फिर वहां से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी लालू यादव की पत्नी सीमा देवी (35), बेटी सौम्या कुमारी (8) और एक दुधमुंहा बेटा दीदवंत कुमार (10 माह) शामिल है। गुस्से में पत्नी और बच्चों की ले ली जान घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह और अजीमाबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। पुलिस ने एफएसएल की टीम को भी बुलाया, जिसके बाद एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई। उसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भोजपुर सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति लालू यादव को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने हत्या करने वाले हथियार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। लालू यादव ने खंती से मार तीनों की निर्मम हत्या क्यों की, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम होने के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा।

### पत्नी का सिर धड़ से कर दिया अलग

घटना के संबंध में एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि सुबह में आरोपी पति का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। झगड़ा के बाद आक्रोशित होकर लालू यादव ने खंती (धराधार हथियार) से पहले पत्नी की हत्या कर दी। इस दौरान उसने पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। उसके बाद बारी-बारी से दोनों बच्चों की भी हत्या कर दी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और भागते हुए आरोपी लालू यादव को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

## भाजपा ने संयुक्त मोर्चा कार्यशाला का किया आयोजन

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे मंगलवार को जिला कार्यालय मे सदस्यता अभियान के अंतर्गत पार्टी के सभी मोर्चो का संयुक्त कार्यशाला किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व वक्ता प्रदेश महामंत्री सह सासाराम लोकसभा प्रत्याशी शिवेश राम और विशिष्ट अतिथि मे प्रदेश के वरीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं वंदेमातरम के साथ हुआ। कार्यशाला मे आगत अतिथियों [illegible]

## एक नजर

### छापेमारी कर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव से 4 लीटर महुआ शराब के साथ अरविंद कुमार व उमेश शाह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं बेलाव थाना अंतर्गत नौहटा के मुन्ना पासवान को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जो मल्हीपुर से महुआ शराब लेकर बाइक से ला रहे थे। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली और गिरफ्तार कर लिया गया। भरंडुवा से रजनीश राम को पुलिस ने 5 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी को जेल भेज दिया गया। इस आशय जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर महुआ शराब बरामद किया गया। जो जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

### एससी-एसटी एक्ट में मुखिया पति पर केस दर्ज

**कोचस।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नरवर गांव में गली- नली को लेकर कुछ दिन पूर्व मारपीट के मामलें में दो पक्ष के लोग घायल हो गए थे। उसी मामले में पीड़िता सोनिया देवी पति श्याम नारायण राम ने एससी-एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़ित का कहना है कि नरवर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र सिंह मेरे रैयती भूमि पर जबरजस्ती नली-गली का निर्माण करा रहे थे। जहां उनके सामने अपना पक्ष रखने पर वो आग बबूला हो गये। वहीं मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र सिंह व उनके साथ आठ से दस की संख्या में गमछा से मुंह बांध कर रात्रि दस बजे मेरे घर आये और मेरे व मेरे परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। जिससे मुझे गंभीर चोट लग गई। वहीं मुंह बांध कर आयें उनके साथ अज्ञात लोगों ने मेरी 18 वर्षीया बेटी गायत्री कुमारी को जबरजस्ती कपड़े फाड़ कर गाड़ी में बैठाने लगे। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर मेरी बेटी को छोड़ दिये। वहीं इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि ने मुझे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। मारपीट के दौरान मेरे गले से सोने का चैन, कान का टप, पायल वगैरह सब निकाल लिया। वहीं मेरे बेटे, पति व बेटी को गंभीर चोट लगी है। अनुसूचित जाति थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार सरदार ने बताया कि आवेदन के आलोक में अग्रतर कारावाई की जा रही है।

### अस्पताल में कुव्यवस्था, मरीज परेशानी



**रामगढ़।** गर्भवती महिलाओं को व्यवस्था के अभाव में ऑनलाइन पर्ची कटाने के लिए घंटों तक धूप में खड़ा रहना पड़ा। जानकारी के अनुसार रामगढ़ स्थित रेफरल अस्पताल में हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं का जच्चा बच्चा जांच कराया जाता है। जिसके लिए सैकड़ों की संख्या में महिलाएं आई तथा व्यवस्था के अभाव में गर्भवती महिलाएं। धूप में खड़ी रही। साथ ही ऑनलाइन सिस्टम के कारण पर्ची कटाने के बाद ही जांच संभव हो पाया। जिसका काटने का सुबह समय 10 बजे के न होकर दोपहर 1 बजे शुरू किया गया। जिसके कारण महिलाओं को काफी परेशानियां हुई साथ ही तेज धूप के कारण दो महिलाएं बेहोश भी हो गई। जिन्हें कुछ देर के लिए छाया में बिठाया गया।

### मखदुमपुर बाजार अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर

**जहानाबाद।** नगर पंचायत मखदुमपुर के मुख्य बाजार में सड़क किनारे अवैध कब्जा जमाए फुटपाथी दुकानदारों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान सड़क किनारे से कई दुकान हटाए गया। कार्यपालक पदाधिकारी सिमा कुमारी के नेतृत्व में स्थानीय बाजार के थाना मोड़ से लेकर बस स्टैंड तक बने कई फुटपाथ की दुकान , झोपड़ीनुमा दुकान को ध्वस्त किया गया। वहीं कई सब्जी विक्रेता,फूल बिक्रेता की भी झोपड़िया नष्ट की गई। इस बाबत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया की जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर सड़क किनारे कब्जा जमाए फुटपाथी दुकानदारों को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि आए दिन मखदुमपुर बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है। जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस वालों के जवान तैनात किए गए थे।

### मखदुमपुर बाजार में बिना शराब पीये शख्स को उठा ले गई पुलिस, लोगों में नाराजगी

**जहानाबाद।** मखदुमपुर बाजार में उस समय अफरा तफरी मच गया जब मध्य निषेध विभाग की पुलिस बाजार में छापेमारी करने पहुंची। बाजार स्थित जामा मस्जिद के पास दुकान में बैठे लोगो को पुलिस उठाने लगी तभी लोगो ने नाराजगी जताई और कहा कि बिना पुष्टि हुए आप कैसे गिरफ्तार कर सकते है। तभी पुलिस ने लोगो पर लाठीचार्ज कर दिया जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। पुलिस द्वारा मौके से गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अकबर के साथी ने बताया कि वो उनके दूकान पर बैठकर बात कर रहा था तभी पुलिस आई और अकबर को ले गई। हमने विरोध किया कि ये शराब नही पिये पर उन्होंने नही सुनी। जबकि चेक करने पर मशीन में पुष्टि भी नहीं हुआ था। इसी तरह मौके पर मौजूद मोहम्मद गुड्डू ने बताया कि पुलिस ने मेरे गर्दन पर हाथ लगाया और जबरदस्ती ले जाने की कोशिश करने लगी जब विरोध किया तो उनसे छुटकारा पाया। जब मौके पर पहुंचे संवादाता ने आबकारी विभाग से सवाल किया कि आपने बिना चेक किये इन लोगो को क्यों बैठा लिया, तो पुलिस पत्रकार पर ही भड़क उठी और आरोप लगाते हुए वीडियो बनाने लगी। हालांकि पत्रकार जवाब देते हुए सवाल करना शुरू किया तो पुलिस मुंह फेरने लगी, जब पत्रकार आदिल सिद्दीकी ने गिरफ्तार किए गए लोगो से बात करने की कोशिश की तो पुलिस भाग खड़ी हुई। इलाके में आबकारी विभाग को लेकर रोष है। लोगो का कहना है। कि मस्जिद के पास शराब कहा मिलता। नमाज पढ़कर निकले लोगो को भी पुलिस ने परेशान किया और निर्दोष पर लाठियां भांजी।

# सहायक उपकरण से वंचित दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर का आयोजन



**केटी न्यूज/**

काराकाट प्रखंड क्षेत्र के समावेशी संसाधन केंद्र काराकाट में मंगलवार को सहायक उपकरण पाने से वंचित दिव्यांग बच्चों को जांच कर चिन्हित करने के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में जिला से आए डॉक्टर्स, बीआरसी के कई कर्मी सहित प्रखंड के तमाम दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित थे। बताया गाय की समावेशी शिक्षा के तहत शिविर लगाकर छह से अठारह आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को जांच कर चिह्नित किया गया । चिह्नित दिव्यांग बच्चों को आवश्यकता अनुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, वाकर, ब्लाइंड स्टिक आदि सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड साधन सेवी समावेशी शिक्षा संजय मिश्रा ने बताया कि शिविर में प्रखंड के कुल 46 दिव्यांग बच्चें शामिल हुए । जिसमे दृष्टि, मानसिक, श्रवण बाधित, एवम शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांग बच्चों की जांच डॉक्टर शंकर कुमार, डॉ. सतेंद्र मिश्रा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. संजय कुमार मिश्रा, डॉ. दिनेश कुमार व डॉ. राजीव कुमार ने किया। प्रखंड साधन सेवी-समावेशी शिक्षा संजय मिश्रा ने बताया की सभी 46 दिव्यांग बच्चों की जांच कर सहायक उपकरण के लिए चिन्हित कर जिला में रिपोर्ट बनाकर भेज दिया गया है।

## विधानसभा चुनाव के टिकट के लिए राजद कार्यकर्ता ठोक रहे दावा

**सासाराम।** सासाराम विधानसभा सिट से राजद की टिकट पर अपनी दावेदारी जता चुके समाजसेवी व राजद व्यवसायी प्रकोष्ट के पूर्व प्रदेश सचिव एवं वर्तमान जिला महासचिव सह सासाराम विधानसभा प्रभारी विजेता गुप्ता का क्षेत्र के लोग भी समर्थन कर रहे है। वैश्य बहुल क्षेत्र होने व उस वर्ग में भी सबसे अधिक संख्या वाले तेली जाती से आने की वजह से उनकी दाबेदारी मजबूत मानी जा रही है। अब क्षेत्र की जनता भी उनके दावेदारी के समर्थन में खड़ी दिख रही है। क्षेत्र में वैश्य के बाद दूसरे स्थान पर कुशवाहा व तीसरे स्थान पर मुस्लिम मतदाता है। राजद की परम्परागत वोट मुस्लिम और यादव रहे है।

## शराब के विरुद्ध छापेमारी करने गई पुलिस पर हमला, दर्जनों जख्मी

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

पिकअप से शराब की बड़ी खेप उतरने की सूचना पर सत्यापन करने गई। पुलिस बल पर 50-55 की संख्या में लोगों ने ईट-पत्थर से हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस अवर निरीक्षक सरयू प्रसाद सिंह का सर फट गया। वहीं पुअनि अविनाश कुमार सहित कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। इस घटना के बाद दुबारा जाकर पुलिस ने छापेमारी कर इस घटना में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर जेल भेजने की प्रक्रिया कर रही है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि बीती रात करीब दस बजे सूचना मिली कि कोरैशी मोहल्ले में पिकअप वैन से शराब की बड़ी खेप आजाद कोरैशी के घर के पास उतारी जा रही है। सूचना के सत्यापन करने गई पुलिस को जब ऐसा कुछ नहीं दिखा तो लौटने लगी। इसी दौरान 50 - 55 की संख्या में लोग लाठी - डंडे, तलवार लेकर पुलिस को गाली गलौज करने लगे। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई असर न होते देख कम संख्या में पुलिस बल किसी तरह अपनी गाड़ी की ओर जाने लगे। तभी लोगों ने ईंट पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस कर्मी किसी तरह जान व हथियार बचाकर वापस लौटे। पुलिस ने इस मामले में आजाद कोरैशी सहित 9 नामजद और 40 - 45 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रथमिकी दर्ज किया है। पुलिस ने छापेमारी कर दोषियों को पकड़ा।

13 सितंबर को जहानाबाद के काको मध्य विद्यालय के मैदान में होगा कार्यक्रम, तैयारी में जुटा प्रशासन

# सूफी कार्यक्रम में आयेंगे बॉलीबुड के पार्श्व गायक इरफान



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी सूफी महोत्सव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई एवं आवाश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य विद्यालय के मैदान में, सूफी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महान सूफी संत,हजरत बीबी कमाल की दरगाह जो की काको प्रखंड में स्थित है, हमारी गंगा -जमुनी, साझी संस्कृति की पहचान है। आगामी 13 सितंबर की काको स्थित, मध्य विद्यालय के मैदान में, हजरत बीबी कमाल के सम्मान में आयोजित होगा। इसमें सूफी महोत्सव में सुप्रसिद्ध बॉलीवुड पार्श्व गायक मोहम्मद इरफान एवं राज्य स्तरीय प्रसिद्धि प्राप्त भागलपुर सूफियाना ग्रुप के द्वारा रंगारंग एवं रूहानी गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही हमारे स्थानीय कलाकार भी इस अवसर पर अपनी प्रस्तुति से समा बांधेंगे। सिविल सर्जन,जहानाबाद को समारोह स्थल पर एक आतुर वाहन, सभी आवश्यक उपकरणों, प्राण रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करने का आदेश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल,जहानाबाद को कार्यक्रम स्थल एवं दरगाह तथा उसके आसपास विद्युत प्रवाहित नंगा अथवा कटा हुआ तार तथा कार्यक्रम स्थल पर की गई संपूर्ण अस्थाई वायरिंग की जांच करने का निर्देश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडलकार्यक्रम स्थल पर निर्माण किए गए मंच पंडाल, बैरिकेडिंग, गेट आदि की मजबूती की जांच करते हुए ,उससे संबंधित प्रतिवेदन, कार्यक्रम के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता , लोक स्वास्थ्य प्रमंडल , जहानाबाद , दरगाह पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किए गए हैं। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर भी, उन्हें पानी की टैंकर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखने एवं सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर अग्निसम्मन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु, जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि अग्निशाम वाहन की व्यवस्था , टीम के साथ, सुनिश्चित करेंगे। विगत वर्षों के भांति इस बार भी सूफी महोत्सव के दौरान भारी मात्रा में दर्शकों के आने की संभावना के मद्देनजर, जिला प्रशासन के द्वारा दरगाह एवं कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ रखना की जिम्मेवारी का पालन तत्परता के साथ करने के लिए डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का सरगना हुआ गिरफ्तार, सामान जब्त



**केटी न्यूज/दुर्गावती**

जिले में अगस्त से सितंबर माह तक 21 मोटरसाइकिल, 2 ट्रैक्टर, 4 साइकिल पुलिस ने जब्त की है। जिसमें 17 वाहन चोर गिरफ्तार किया गया है। जिले में वाहन चोरी की हो रहे घटनाओं को लेकर पुलिस ने बड़ी करवाई करते हुए 5 चोरी की बाइक जब्त करते हुए अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए कुल 5 चोरों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने दुर्गावती थाने पर प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया की वाहन चोर गिरोह का मुख्य सरगना यूपी के चंदौली जिले का विजेन्द्र चौहान, सोनभद्र जिले का अशोक कुमार, कैमूर जिले का सूरज मौर्या, विजय पासवान, नीतीश कुमार को गिरफ्तार करते हुए इनके निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक भी बरामद किया गया है। जो गिरफ्तार वाहन चोरों का पहले से भी अपराधिक इतिहास रहा है हम लोग यूपी पुलिस से संपर्क कर डिटेल निकाला रहे है उसके बाद पुलिस आगे की करवाई करेगी। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसमें सफलता मिलेगी।

## फेफना स्टेशन पर सारनाथ, गोंदिया व उत्सर्ग एक्स. के ठहराव का मिला आश्वासन

**केटी न्यूज/सिंहपुर**

- 41 दिनों से चला आ रहा आंदोलन हुआ समाप्त
- तीन माह के अंदर ट्रेनों के ठहराव का एडीआरएम ने दिया आश्वासन



क्षेत्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले फेफना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर विगत 41 दिनों से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन एवं अनशन मंगलवार को एडीआरएम वाराणसी जोन के आश्वासन पर समाप्त हो गया। एडीआरएम वाराणसी जोन राजेश कुमार सिंह ने तीन माह के अंदर सारनाथ एक्सप्रेस, गोंदिया एक्सप्रेस एवं उत्सर्ग एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

तत्पश्चात आमरण अनशन पर बैठे संतोष सिंह को जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया गया। उधर एडीआरएम के अनशन स्थल पर पहुंचने की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी पहुंच गए। बता दें कि एडीआरएम के सोमवार की देरशाम आने की सूचना थी, लेकिन किन्ही कारणवश वह नहीं आ सके। मंगलवार को अपने सैलून से एडीआरएम सीधे बलिया पहुंचे और जिला प्रशासन के साथ बैठक की। तत्पश्चात एडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं एएसपी कृपाशंकर के साथ सड़क मार्ग से अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने समिति के प्रतिनिधि मंडल से हर बिन्दुओं पर चर्चा की। इसके बाद तीन माह के अंदर फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर सारनाथ एक्सप्रेस, गोंदिया एक्सप्रेस या सद्भावना एक्सप्रेस एवं उत्सर्ग एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

यही नहीं, फेफना-गड़वार रेलवे क्रासिंग पर उपरिगामी सेतु का निर्माण, टिकट खिड़की को स्टेशन से बाहर करने, बगल में यात्री प्रतीक्षालय बनाने एवं आरक्षित टिकट काउंटर बनाने की दिशा में सार्थक पहल करने का भरोसा दिया। इतना सुनते ही लोग खुशी में नारे लगाने लगे। इस अवसर पर जनार्दन सिंह, विधायक संग्राम सिंह यादव, प्रभुनाथ पहलवान, राजेश गुप्त, तेजनारायण, शिवाजी, विक्रमा अंबेडकर, अवधनारायण, समरबहादुर, गंगेश्वर सिंह, हरिनाथ सिंह, सतीश उपाध्याय, अभिषेक सिंह, सुशांत राज भारत, परमहंस सिंह आदि मौजूद रहे।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो उतरेंगे रेलवे ट्रैक पर

**सिंहपुर।** क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह ने एडीआरएम से वार्ता करने के बाद अनशन स्थल पर आकर क्षेत्रवासियों को पूरी जानकारी दी। कहा कि यदि तीन माह के अंदर फेफना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सहित अन्य मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हम फिर सीधे रेलवे ट्रैक पर उतरने का काम करेंगे। इसका लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। श्री सिंह ने कहा कि यह जनता की लड़ाई है। इसमें किसानों, मजदूरों, व्यापारियों एवं छात्र–नौजवानों का भरपूर समर्थन मिला है। हम इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करते है।

## एक नजर

### चालक की पलक झपकते ही खाई में पलटा ट्रक खलासी की मौत, बाल-बाल बचा चालक



**बलिया।** रसड़ा–बलिया मार्ग के माधोपुर चीनी मिल के पास मंगलवार की भोर में ट्रक चालक की झपकी से ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि चालक तो बाल–बाल बच गया, लेकिन खलासी छोटू पुत्र सुलम राम निवासी औरंगाबाद बिहार की मौत हो गई। ट्रक में लदा लोहा ट्रक केबिन को छेदते हुए खलासी के पास पहुँच गया। जिसके शव को गैस कटर से काटकर बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक पर लोहे की सामग्री लादकर चालक व खलासी बलिया से रसड़ा की तरफ आ रहे थे। जैसे ही माधोपुर के समीप पहुँचे कि चालक को अचानक झपकी आ गई। जिससे ट्रक से अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे खाई में पलट गया। चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे की भनक लगते ही आस–पास के लोग दौड़ पड़े और इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### नहर के पास अधेड़ का शव मिलने से सनसनी



**सेवराई।** जमानिया कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर नहर के पास मंगलवार को एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक बहादुरपुर नहर पुलिया के पास ग्रामीण सुबह टहलने निकले थे। इसी बीच उनकी नजर नहर में बह कर किनारे लगी एक लाश पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आस–पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और कोतवाली ले आई। शव की पहचान राम अवतार निवासी बैरीखुर्द थाना धीना जनपद चंदौली का रहने वाला है, जो कोतवाली क्षेत्र के लमु चक्काबांध गांव में रह कर ट्रेक्टर चलाने का कार्य करते थे। रविवार शाम करीब आठ बजे से अधेड़ लापता था। जिनका शव नहर में मिला। उसके शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान दिखाई दिए। उसके नाक से खून निकल रहा था। मृतक का एक पुत्र है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोष नाथ सिंह ने बताया कि बहादुरपुर गांव के पास सुबह शव मिलने की सूचना मिली थी। जिस पर नहर से बाहर निकाल कर शव को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, वह कोतवाली पहुंच चुके हैं।

### छात्रों ने मंडल स्तरीय व जिला स्तरीय कुश्ती में मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया



**गाजीपुर।** महाहर धाम स्थित माता भगवती इंटर कॉलेज अंतर्गत इंटरमीडिएट के प्रथम वर्ष के छात्रों ने मंडल स्तरीय व जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में मेडल जीतकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम जनपद में रोशन करने का कार्य किया। इसके बाद मंगलवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन कर पहलवानों को सम्मानित किया गया। मालूम हो कि जनपद के रामकरन इंटर कालेज सिधौना में आयोजित 68वीं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 17 में 65 किलो भार वर्ग में विद्यालय के छात्र अमित यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर 48 किलो भार वर्ग में अमित यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही साथ जिला स्तरीय कुश्ती में सचिन चौहान ने 60 किलो भार में प्रथम व कृष्णा चौहान को द्वितीय स्थान पर यह उपलब्धि प्राप्त हुई। विद्यालय परिसर में मंगलवार को समारोह पूर्वक चारों पहलवानों का साफा बांधकर, माल्यार्पण करके जोरदार नागरिक अभिनंदन किया गया। स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई करते हुए सभी उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य शैलेश यादव ने कहा कि प्रतिभाएं किसी अभाव की मोहताज नहीं होती। गांव की अनमोल धरोहर है। कुश्ती जरूरत है, इसे संजोकर रखते हैं प्रोत्साहित करने की। ऐसे आयोजन हर क्षेत्र में होने चाहिए जिससे गांव में दबी हुई प्रतिभाएं निखरने का कार्य करें। प्रधानाचार्य विनय शंकर पांडेय ने कहा सभी पहलवान संस्थान के छात्र है, जो काफी होनहार होने के साथ आज्ञाकारी है। इनके लगन और निष्ठा मेहनत का फल है कि यह मुकाम हासिल हुआ।इस मौके पर विजय शंकर पांडेय, राजकुमार यादव, सुनील श्रीवास्तव, सुरेंद्र राजभर, प्रभांशु पांडेय, प्रमोद यादव, शैलेंद्र पांडेय, अनुपम यादव, इष्टदेव तिवारी, शैला तिवारी, मंजू सिंह, मधु श्रीवास्तव, हरिकेश पासवान, रोशन यादव, बबलू चौहान, बृजेश यादव, धर्मेंद्र राजभर, शंकर राजभर, उमेश यादव आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### बीटेक के छात्र ने आईआईटी हॉस्टल में की आत्महत्या



**बलिया।** बांसडीह क्षेत्र के कैथवली गांव के पिण्डहरा मौजा निवासी युवक ने असम प्रदेश के आईआईटी गोहाटी परिसर के ब्रह्मपुत्र हास्टल में रविवार की रात फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। मंगलवार को जैसे ही युवक का शव पैतृक पंहुचा, वैसे ही घर में कोहराम मच गया। बता दें कि कैथवली गांव के पिण्डहरा मौजा निवासी विमलेश पासवान 23 वर्ष आईआईटी गोहाटी में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। रविवार की रात ब्रह्मपुत्र हास्टल के अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दिया। रात में छात्रों ने विमलेश को फांसी पर लटकता देख शोरगुल किया और कालेज स्टाफ व पुलिस को सूचना दी। परिजन मंगलवार को शव लेकर घर आये तथा गांव पर ही अंतिम संस्कार कर दिया। पिता श्यामबिहारी पासवान ने बताया कि विमलेश मुझसे रविवार शाम को ही बात किया था, कोई भी ऐसी बात नहीं थी।आखिर युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया समझ से परे है।

### भाजपा सदस्यता अभियान टीम की बैठक सम्पन्न

**मऊ।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल अध्यक्षों तथा सदस्यता अभियान की टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने मंडल अध्यक्षों तथा सदस्यता अभियान के टीम के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान अब रफ्तार पकड़ने लगा है। जिले के सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को धार देने के लिए कमर कस ले। यह अभियान शीर्ष नेतृत्व के देख रेख में चलाया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाते हुए पार्टी की ताकत को बढ़ाएं। इस अवसर पर राकेश मिश्रा रामाश्रय मौर्य संतोष राय राधेश्याम सिंह पूजा राय कृष्ण कांत राय संतोष सिंह, आकाश मल्ल, धर्मेंद्र राय, राहुल उपाध्याय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मऊ जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# दी चेतावनी... बच्चों को भोजन परोसने में कोताही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई

- औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को मिलीं कई खामियां

**केटी न्यूज/मऊ**





मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने विकास खण्ड-घोसी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कल्याणपुर, लाखीपुर एवं नगर पंचायत कोपागंज में स्थित प्राथमिक विद्यालय में रेवरीडीह में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र कल्याणपुर पर 30-40 बच्चों को प्रत्येक माह गरम पका पकाया भोजन खिलाया गया है। औसत से कम बच्चों की उपस्थिति पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अत्यन्त रोष व्यक्त करते हुये आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बच्चों की अच्छी उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये गरम पका भोजन खिलाये जाने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय लाखीपुर में स्थित आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण में आंगनबाड़ी भवन में पंखे नही लगे होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पंखा लगा कर सूचित करने का निर्देश दिया गया। इस विद्यालय पर 02 केन्द्र संचालित हैं। सामान्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीना यादव अनुपस्थित पायी गयीं। गिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीनू यादव द्वारा बताया गया कि रीना यादव अवकाश प्रार्थना पत्र पंजिका में रखकर अवकाश पर हैं। गिनी आंगनबाड़ी केन्द्र पर मंगलवार को 12 बच्चों को हॉट कुक्ड एमडीएम से भोजन खिलाया गया है। इस केन्द्र पर औसत बच्चे उपस्थित होने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों की कम उपस्थिति पर कड़ी फटकार लगायी। भविष्य में केन्द्र पर अच्छी उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु आंगनबाड़ी को निर्देश दिया। नगर पंचायत कोपागंज के प्राथमिक विद्यालय रेवरीडीह में संचालित आंगनबाडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस केन्द्र पर मंगलवार को 10 बच्चो को एमडीएम से गरम पका पकाया भोजन खिलाया गया। पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों को गरम पका पकाया भोजन खिलाये जाने के सम्बन्ध में सत्त निरीक्षण किया जायेगा और जिस आंगनबाड़ी केन्द्र पर पका पकाया भोजन खिलाये जाने में कोई कोताही बरती जायेगी और औसत से कम बच्च्चों की उपस्थिति पायी जायेगी तो संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध नियमानुसार उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## मिएइडि ने जल शक्ति मंत्री को भेजी पाती



**केटी न्यूज/बलिया**

मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के बैनर तले डिपार्टमेंट के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व में हमारे प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक जो सहारनपुर में हुई थी, वहां पर निर्णय लिया गया था कि कार्यालय प्रमुख अभियन्ता में अधिष्ठान कोर में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार है और उस भ्रष्टाचार का कारण है कि जहां शासन की मंशा है कि आनलाइन पदस्थापना हो, आनलाइन स्थानान्तरण हो। बावजूद इसके अधिष्ठान कोर कार्यालय प्रमुख अभियंता द्वारा अनियमित तरीके से सम्बद्धता,समायोजन और अन्य जो भी भ्रष्टाचार है।उस भ्रष्टाचार के खिलाफ हम लोग पूरे प्रांत में मुख्यमंत्री तथा जल शक्ति मंत्री को सात सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया गया है। इसी क्रम में प्रांतीय नेतृत्व द्वारा 19 तथा 20 सितम्बर को दो दिवसीय कार्यक्रम है। कार्यालय प्रमुख अभियंता का घेराव किया जायेगा। हमारा संघर्ष जब तक भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो जाता,तब तक जारी रहेगा।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**मऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अरुण यादव ने बताया कि राज्य व्यववसायिक प्रशिक्षण परिषद उ०प्र० लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई०टी०आई०) सत्र–2024 के तृतीय चरण के सूची से दिनांक–09.09.2024 तक प्रवेश की कार्यवाही के उपरान्त प्ररिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष पूर्व पंजीकरण राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अभ्यर्थी से नवीन विकल्प पंजीकृत कराने तथा राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु नवीन आवेदनकताओं से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। अभ्यर्थी को वेबसाईट http://www.scvtup.in पर चौथे चरण के लिये राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों पूर्व में पंजीकृत अभ्यथी द्वारा नवीन विकल्पों के लिये आनलाईन आवेदन तथा चौथे चरण के लिये नवीन अभ्यर्थी द्वारा आवेदन तथा रिक्त सिटों का विवरण के लिये लिंक उपलब्ध होगें। प्रवेश पंजीकरण शुल्क– सामान्य / पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रू0 250/– (रू दो सौ पचास मात्र) एवं अनुसूचित जाति/अनुसुचित जन जाति हेतु शुल्क रू0 150/– (रू दो सौ पचास मात्र) निर्धारित है। उपरोक्त प्रकिया दिनांक–11.09.2024 से 15.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

## पिलर से टकरा दो हिस्सों में बंटी नाव, बाल-बाल बचे लोग

- कमर भर पानी होने के कारण बच गई जान

**केटी न्यूज/बैरिया**



स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगा उस पार नौरंगा से सवारियों को भरकर दया छपरा आ रही नाव मंगलवार को गंगा नदी में पार्कोपाईन पिलर से टकराई नाव दो हिस्सों में बटीं। सभी यात्री गंगा में गिरे, गनीमत है कि वहां गंगा मे पानी कमर भर ही था। जिससे किसी भी यात्री की जान को नुकसान नहीं पहुंचा।

इस दौरान मौके पर चीख पुकार मच गयी। अलबत्ता कुछ लोगों को साधारण चोटे आई। सभी लोग अपने से सुरक्षित गंगा से बाहर निकल गए। उक्त घटना से सहमे उच्च प्राथमिक विद्यालय नौरंगा के अध्यापक मनोज राम, अध्यापिका मुन्नी देवी व प्राथमिक विद्यालय नौरंगा के सहायक अध्यापक संतोष कुमार यादव भी सवार थे। उन्होने बताया कि विभागीय प्रशिक्षण के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र बैरिया आ रहे थे कि यह घटना हो गयी। हम लोग भी अन्य यात्रियों के साथ सुरक्षित गंगा से निकल गए। हालांकि पानी में भीग जाने के कारण कागजात आदि नष्ट हो गए।

बता दे कि गंगा उस पार के नौरंगा, चक्की नौरंगा, भुआल छपरा, उदयी छपरा के डेरा, भगवानपुर सहित कुल आधा दर्जन गांवों के लगभग तीस हजार की आबादी के आने जाने का एकमात्र साधन नाव है। जिससे तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय व अन्य सरकारी दफ्तरों में आने-जाने के अलावा दुबे छपरा इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज दुबे छपरा में पढ़ने के लिए छात्र-छात्राएं भी आती हैं। मंगलवार को उक्त नाव हादसा में किसी यात्री को कोई गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा है। किंतु आने-जाने वाले लोगों में की भय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नाव में बैठे तीनों अध्यापकों ने बताया कि पतवार टूट जाने के कारण नाव उल्टी दिशा में घूम गई। जिससे सभी लोगों की जान बच गयी। अगर नाव पांच कदम आगे बढ़ गई होती तो गहरे पानी में चली जाती, और यह घटना बड़ी दुर्घटना में तब्दील हो जाती।

### आबकारी निरीक्षक विनय राय व संदीप यादव के खिलाफ दर्ज है मुकदमा

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर शराब व्यापारी पहुंचे डीएम दरबार

**केटी न्यूज/बलिया**

- जिलाधिकारी ने दिया आश्वासन, जल्द होगी कार्रवाई



आबकारी निरीक्षक विनय राय व संदीप यादव की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को मिश्र नेवरी निवासी अंग्रेजी शराब के लाइसेंस धारक के पति छितेश्वर प्रसाद जिलाधिकारी से मिले। इस दौरान जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जांच प्रगति पर, जल्द ही दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी होगी और उचित कार्रवाई होगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कदम चौराहा स्थित अंग्रेजी शराब के थोक लाइसेंस धारक संगीता देवी पत्नी छितेश्वर प्रसाद के यहां कुछ दिन पहले आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी की गई थी। उस दरम्यान दो बोरी में काफी संख्या में एट पीएम का खाली टेट्रा पैक आबकारी विभाग के अनुसार बरामद हुआ था। इसके बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए छितेश्वर प्रसाद को जेल भेज दिया था। छितेश्वर प्रसाद जेल जाने के बाद बेल लेकर बाहर आए और इसके बाद छितेश्वर प्रसाद खुदकी बेगुनाही साबित करने में जुट गए। छितेश्वर प्रसाद के अनुसार उनकी सुनवाई जिले स्तर पर नहीं हुई, मजबूरन छितेश्वर लखनऊ राजधानी की ओर कूच किए। जहां डीजीपी से मुलाकात करने के बाद अपनी फरियाद सुनाई। छितेश्वर प्रसाद के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा उनके कदम चौराहा स्थित मकान में साजिशन खुदसे बोरी रखवाकर छापेमारी की कार्रवाई की बता बताई। मामले की गंभीरता को समझते हुए डीजीपी ने एडीजे को मामले की जांच सौंपी। एडीजे ने डीआईजी वैभव कृष्ण को निर्देश देने के साथ मामले में स्पेशल जांच टीम बनाई। जांच टीम द्वारा जब जांच की गई तो सतनीसराय चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर की सबसे पहले जांच हुई। जिसमें यह पाया गया कि दो लोग पहले कई दिन रैकी किए, फिर खुद ही खाली टेट्रा पैक भरी दो बोरी एट पीएम छितेश्वर प्रसाद की मकान में रख दिए। मामले में अब तक दो लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है व जिस वाहन से ये लोग बोरी लेकर गए थे, वह वाहन भी बरामद हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर यह तथ्य सामने निकल कर आया कि इस पूरी साजिश में आबकारी विभाग की साठगांठ है। इसके बाद विवेचक ने बिना देर किए इस मामले में आबकारी विभाग के दो–दो निरीक्षक विनय राय व संदीप यादव को भी आरोपी बनाया। दोनों के खिलाफ 420, 467, 468, 471, 120 बी जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बावजूद अभी तक इन दो महारथियों पर आबकारी विभाग के साथ–साथ पुलिस विभाग पूरी तरह से मेहरबान है।

## सीएम डैशबोर्ड आधारित अगस्त माह की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में मऊ जनपद ने लगाई लंबी छलांग

**केटी न्यूज/ मऊ**

- विकास कार्यों में द्वितीय तथा राजस्व एवं विकास की संयुक्त सूची में हासिल किया पांचवा स्थान



सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यो की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में जनपद मऊ ने विकास कार्यों में द्वितीय तथा राजस्व एवं विकास कार्यों की संयुक्त सूची में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। ज्ञातव्य है कि गत माह जुलाई में विकास कार्यों की जारी रैंकिंग में जनपद ने 13वां तथा राजस्व एवं विकास कार्यों की संयुक्त सूची में दसवां स्थान हासिल किया था। जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यों में लगातार सुधार के दृष्टिगत प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में भी जनपद मऊ ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विकास कार्यों में द्वितीय एवं राजस्व तथा विकास कार्यों की संयुक्त सूची में प्रदेश में पांचवा स्थान पाने पर उन्होंने संबंधित विभाग के समस्त अधिकारियों को बधाई दी तथा भविष्य में भी बेहतर प्रयास करने को कहा। विकास कार्यों की रैंकिंग हेतु निर्धारित कुल 10 अंकों में से जनपद मऊ ने 9.48 अंक प्राप्त करते हुए निर्धारित कुल अंकों का 94.80 प्रतिशत प्राप्त किया। जिसके फल स्वरुप जनपद को विकास कार्यों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान जनपद महाराजगंज को 9.61 अंक सहित 96.10% पाने पर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार राजस्व एवं विकास कार्यों की जारी संयुक्त सूची हेतु निर्धारित कल 10 अंकों में जनपद मऊ ने 8.79 अंक प्राप्त करते हुए 87.90 प्रतिशत अंक हासिल किया, जिसके फल स्वरुप इस सूची में जनपद को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। राजस्व एवं विकास कार्यों की संयुक्त सूची में भी जनपद महाराजगंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# 40 फुट ऊंचे ओवरब्रिज पर चढ़ा युवक, आठ घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद कूदने से मौत

केटी न्यूज/जौनपुर

लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापार बाई पास के पास बच्चा चोर समझकर एक युवक को ग्रामीणों ने दौड़ाया तो वाराणसी लखनऊ हावे पर नेवादा गांव के पास बने ओवरब्रिज पर चढ़ गया हैं , पुलिस और फायरब्रिगेड की मौके पर पहुंचकर उसे उतारने का प्रयास कर रही थी लेकिन उसने आखिकार ब्रिज से कूद कर जान दे दी फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार भोर में करीब तीन बजे दो लोग संदिग्ध रूप से घूमते दिखाई पड़े ग्रामीण दोनों को बच्चा चोर समझकर दौड़ा लिए, जिसमे एक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया दूसरा सड़क को पार करने के लिए बने ओवरब्रिज पर चढ़ गया, वह 9 घंटे से ऊपर बैठा हुआ था , पुलिस , फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उसे उतारने का प्रयास कर रही लेकिन वह उतरने को तैयार नही हुआ और आखिर कार उसने कूद कर जान दे दी। इस घटना में एक बार फिर पुलिस की लापरवाही सामने आई है।

♦ बच्चा चोर समझ दौड़ाया था ग्रामीणों ने





लगभग 10 घंटे तक ब्रिज पर चढ़ा युवक को पुलिस द्वारा बचाव के लिय कोई ठोस पहल नहीं कर पाई। मृतक अविनाश कुमार बिहार प्रांत के समस्तीपुर का रहने वाला है।

## खबरें फटाफट

### छात्रा से तीन युवकों ने किया दुराचार, केस दर्ज

**मऊ।** जनपद के थाना रामपुर बेलौली में स्कूल जा रही एक छात्रा से तीन युवकों द्वारा दुराचार करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों पर मुकदमा कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है वहीं पीड़िता की मां ने कहा कि स्कूल छोड़ने के बहाने जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर बंद कमरे में ले जाकर दुराचार किया गया है। इस मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर के माध्यम से बताया है कि उसकी बेटी को अरुण यादव नामक युवक ने अपने दो दोस्तों के सहयोग से एक कमरे में बंद कर उसके साथ दुराचार किया गया है । इस मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को लिखित तहरीर में जानकारी दी है कि दिनांक 7 सितंबर को उनकी बेटी सुबह 7 बजे पढ़ने के लिए जा रही थी तभी पहाड़ीपुर खिरिया के पास ग्राम छहतरा निवासी अरुण यादव, जो देवेंद्र यादव का बेटा है बाइक लेकर आया। पीड़िता की मां ने बताया कि मेरी बेटी को स्कूल छोड़ने के नाम पर जबरदस्ती गाड़ी पर बैठाकर स्कूल की जगह किसी अन्य के कमरे में ले जाकर उसके साथ दुराचार किया। इस मामले में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां ने तीन लोगों को आरोपी बनाया है ।

### उर्वरक की कालाबाजारी रोकने को चला अभियान

**चंदौली।** कृषि विभाग की ओर से मंगलवार को उर्वरक की कालाबाजारी को रोकने के लिए अभियान चलाकर छापेमारी की गई। आधा दर्जन से अधिक खाद भंडारों की जांच में पीओएस मशीन में उपलब्ध स्टाक का भौतिक सत्यापन करने पर भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया। संबंधित उर्वरक प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए चेतावनी दी गई कि तीन दिन के अंदर संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो उर्वरक प्रतिष्ठान के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी की जयंती के अवसर पर किया माल्यार्पण

# पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी के किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे: सीएम योगी

♦ रेवेन्यू सेक्टर में उनके द्वारा किए गए रिफॉर्म आज भी गरीब को न्याय प्रदान करते हैं: मुख्यमंत्री

केटी न्यूज/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी ने अविभाजित उत्तर प्रदेश के लिए और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जो कार्य किए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

उत्तर प्रदेश में विकास के कार्यों की आधारशिला रखने के लिए भारत के ऐसे महान सपूत की स्मृतियों को नमन करते हुए उनकी पावन जयंती पर प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



**पंडित गोविंद वल्लभ पंत की कार्ययोजना पर ही आधारित है आज का उत्तर प्रदेश :** सीएम योगी ने पंडित गोविंद वल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत ही यशस्वी रहा।



उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी अच्छी खासी प्रैक्टिस छोड़ दी और आजादी के आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने आंदोलन में भाग लिया, जेल की यातना सही, लेकिन आजादी के उस आंदोलन से कभी विचलित नहीं हुए। यही कारण था कि आजादी के आंदोलन के दौरान उनके द्वारा किए गए योगदान, लगातार किए गए संघर्षों के कारण उन्हें स्वतंत्र भारत में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का उत्तरदायित्व सौंपा गया। उन्होंने 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उस समय के उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए, जनता को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों इसके लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य और उस समय के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए उन्होंने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की, जिस पर आज का हमारा उत्तर प्रदेश आधारित है। सीएम योगी ने कहा कि 1954-55 में पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी को देश के गृह मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान राजभाषा हिंदी हो इसके लिए उनका प्रयास अत्यंत ही अतुल्य है। रेवेन्यू के सेक्टर में उनके द्वारा किए गए रिफॉर्म आज भी एक गरीब को न्याय प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, विधायक नीरज बोरा आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख व डीएसओ ने किया अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण



केटी न्यूज/गाजीपुर

मरदह विकास खंड के पृथ्वीपुर ग्राम पंचायत में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण मंगलवार को ब्लाक प्रमुख सीता सिंह व डीएसओ अनंत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया। बता दें कि ब्लाक में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण शासन के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग ने कराया है, जहां राशन वितरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की प्रक्रिया चल रही है। भवन के निर्माण का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कर लाभार्थियों को समय पर राशन मिल सके।

जिला पूर्ति अधिकारी अनंत प्रताप सिंह बताया की कोटेदार अपने घर एवं किराए की दुकान से राशन का वितरण नहीं करेंगे।अभी तक कोटेदार अपने घर एवं किराए की दुकान लेकर राशन का वितरण करते हैं। इन दुकानों में जगह कम होती है, जहां राशनकार्ड धारक बैठ सकें। कार्डधारकों को दुकान के बाहर खड़े होकर राशन लेना पड़ता है।

कोटे की दुकान निलंबित या निरस्त भले हो जाएगी, लेकिन खाद्यान्न अब वहीं दूसरे कोटेदार को भी बांटना होगा। ग्राम पंचायत हरिवंश यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर में मनरेगा योजना के तहत अन्नपूर्णा भवन का निर्माण हुआ है।

## दोस्तों के करीब जाएं करें मन की बात मिटाएं अवसाद

**चंदौली।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मंगलवार को राजकीय हाई स्कूल त्रिभुवनपुर में आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिला मानसिक स्वास्थ्य की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को परामर्श दिया गया। इसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आत्महत्या रोकथाम के बारे में बताया गया एवं जागरूकता रैली निकाली गयी। मनोचिकित्सक डॉ नीतेश सिंह ने बताया कि जीवन में जल्द से जल्द सब कुछ हासिल कर लेने की तमन्ना और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ है जिस वजह से घरेलू झगड़े कर्ज गरीबी बेरोजगारी, प्रेम संबंध, तलाक आजकल लोग इन कारणों से बेवजह मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। इसमें जरा सी नाकामयाबी अखरने लगती है और लोग अपनी जिन्दगी तक को दांव पर लगा देते हैं। इसी को देखते हुए हर साल 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने का मकसद आत्महत्या को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना है।

## बड़ेसर गांव के पास सोनू होटल में छापा, सात शोहदे गिरफ्तार




केटी न्यूज/सेवराई

राष्ट्रीय राजमार्ग- 24 स्थित बड़ेसर गांव के पास सोनू होटल से सात शोहदे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिए गए। इलाके के ग्रामीणों द्वारा बार-बार उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार से मिलकर इस बात की शिकायत की गई थी। बता दें कि बड़ेसर में एनएच-24 अंतर्गत सड़क किनारे सोनू होटल में प्रतिदिन स्कूली छात्राएं अपने प्रेमी संग पहुंचती हैं। इस तरह की क्रिया कलाप से क्षेत्र बदनाम हो रहा है। इसके बाद उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार तथा पूरी राजस्व टीम क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह, पुलिस चौकी इंचार्ज बालेंद्र यादव तथा पुलिस कर्मियों के साथ सोनू होटल पहुंचकर छापामारी करना शुरू किया। इस बीच कई कमरों से युवकों एवं किशोरियों को गिरफ्तार किया गया। सोनू होटल को तत्काल सीज करने की कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि क्षेत्र के बड़ेसर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-24 सड़क किनारे सोनू नामक होटल में प्रतिदिन युवक युवतियों को आते -जाते लोगों द्वारा देखा जाता था। परेशान व आजीज आकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से किया।

## एक नजर

### पुलिस एनकाउंटर में दो पशु तस्करों के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा लगातार जिले में अपराधियों पर लगाम लगाने की कवायत की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार की रात जिले की तीन थानों की पुलिस फोर्स ने बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने फोर्स पर फायरिंग शुरू कर दी , पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से बुरी तरह घायल हो गये। आरोपियों के कब्जे से तमंचा कारतूस व मोटर साइकिल बरामद हुआ है। इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि खुटहन, सरपतहां व शाहगंज की पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बीती रात्रि में लगभग 1.05 बजे थाना सरपतहा की तरफ से एक मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स काफी तेजी से जा रही थी जिसे रोका गया तो मोटर साइकिल सवार पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने लगे। जिसकी सूचना कन्ट्रोल रुम को दी गई। इस सूचना पर थानाध्यक्ष खुटहन, शाहगंज व सरपतहा की पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार को रोकने का प्रयास करने लगी। बाइक सवारों द्वारा पुलिस टीम की गाड़ी को हिट करते हुए गाड़ी आगे भगाने लगे और गिर गये। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया। ग्राम सेवईनाला पुलिया के पास के पास आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गयी फायरिंग से इरफान उर्फ किन्नी निवासी बहरोली थाना लंभुआ सुलतानपुर व आजाद निवासी बघरवारा मटियारी थाना सरंपतहा घायल हुए, इनके पास दो देशी तमन्चा .315 बोर, मय दो खोखा कारतूस व दो मिस करातूस 315 बोर तथा एक मोटर साईकिल एचएफ डिलक्स बरामद हुई।

### चंदौली जिले में लगातार हो रही हत्याएं कानून व्यवस्था के लचर होने का प्रमाण: भाकपा (माले)

**चंदौली।** जिले के धीना थाना क्षेत्र के करजरा में हुई अजय प्रजापति की हत्या हो या केशवपुर में महेंद्र प्रजापति की हत्या,दीनदयाल नगर के सोनू और पखंडू की हत्या हो या पैतुआ के पवन चौहान की हत्या जिले में लगातार हत्याएं हो रही है और हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बजाय पुलिस बचाने में लग जा रही है,जो जिले में कानून व्यवस्था के लचर होने का प्रमाण है उक्त बातें जिले में लगातार हो रही हत्याओं के खिलाफ तथा जिले भर के अंदर उठ रहे तमाम सवालों को हल करने की मांग को लेकर शुरू हुए अनिश्चितकालीन धरने पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले)नेताओं ने कहीं। माले नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों करजरा में हुई अजय प्रजापति की हत्या को आपने देखा जहां आज तक मुख्य आरोपी आशीष सिंह पुलिस की पकड़ से बाहर है तब तक जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर में गैंगरेप की घटना सामने आई,अभी यह मामला ठंडा ही नहीं हुआ था कि केशवपुर में भी महेंद्र प्रजापति की हत्या का मामला सामने आ गया इसके पहले अलीनगर थाना क्षेत्र के अलीनगर वार्ड नंबर 16 स्थित सोनू हत्याकांड का मामला भी भाकपा (माले) द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर उठाया गया था और उचित कार्रवाई की मांग की गई थी किंतु आज तक तमाम मामलों में कोई संतोषजनक पहल पुलिस ने नहीं की।

### संस्कृति और सभ्यता को सहेजता है बिरहा

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सकलडीहा रोड के संजय नगर शिव मंदिर के पास मंगलवार को बिरहा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जनपद ही नहीं गैर जनपद से आए लोकगीत कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की और विधा पर प्रकाश डाला। इसका शुभारंभ सेवानिवृत्त जिला भूमि सरक्षण अधिकारी इंजीनियर रामकेश सिंह यादव नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील यादव गुड्डू ने फीता काटकर किया। वह कलाकारों ने अपने लोकगीत प्रस्तुत की। इसमे निर्णायक मंडल में इंजीनियर राम केस सिंह यादव, शिव बच्चन सिंह, सियाराम चौहान, निसार अहमद और मुनव्वर ने लोकगीत कलाकार स्वर्गीय रामदेव यादव के पुत्र शारदा प्रसाद यादव को प्रथम स्थान का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान इंजीनियर रामकेश सिंह यादव ने कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति और विधा को बचाए रखने के लिए आगे आने की जरूरत है। संयोजक श्रीराम यादव ने कहा कि बिरहा विधा जो कहीं न कहीं भारतवर्ष के संस्कृति और सभ्यता को सहेजने और संवारने का काम करती है अब लुप्त होने के कगार पर है। इस दौरान मंगल कवि, काशीनाथ यादव, हरिद्वार यादव, सुरेंद्र यादव, वकील सोनकर, जवाहरलाल यादव उपस्थित रहे।

### शहादत दिवस पर परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद को पेश किया खिराजे अकीदत



**चंदौली।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के तत्वावधान में दीनदयाल नगर के कसाब महाल चौराहा पर परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको खिराजे अक ीदत (श्रद्धांजलि )दी, इस दौरान कार्यक्रम संयोजक द्वय अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ व प्रदेश सचिव मोहम्मद आफताब ( सभासद )ने कसाब महाल चौराहा स्थित पार्क में उनका स्मारक बनाने व पार्क व चौराहा का नाम वीर अब्दुल हमीद के नाम से करने की मांग की, इस दौरान आयोजित गोष्ठी में प्रदेश सचिव व सभासद मोहम्मद आफताब के कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने अजेय पैंटन टैंक को ध्वस्त कर पाकिस्तान को शिकस्त दिलाकर देश को जीत दिलाने का काम किया, उनकी वीरता पर हम सब भारतवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि कसाब महाल चौराहा और पार्क का नाम उनके नाम से करने के लिए नगरपालिका बोर्ड की मीटिंग में मैंने अपना प्रस्ताव दिया है।

12 से 14 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा ग्लोबल बायो- 2024

# वैश्विक मंच पर प्रदर्शित होंगे पूर्वांचल के स्टार्टअप्स के नवाचार

केटी न्यूज/जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्थापित इन्क्यूबेशन केंद्र अपने स्टार्टअप्स के नवाचारों को प्रदर्शित करने जा रहा है। इनक्यूबेशन केंद्र कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने बताया कि इन्क्यूबेशन केंद्र में पंजीकृत स्टार्टअप्स, जिनमें हीथोक्स-के प्राइवेट लिमिटेड, जेनम बायोटेक, वी.आर.ए. हेल्थकेयर और सैक्रोसेंट परफ्यूम्स शामिल हैं, 12 से 14 सितंबर 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित ' ग्लोबल बायो- 2024' में अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जैव प्रौद्योगिकी उद्योग एवं अनुसंधान सहायता परिषद, जो कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार का एक उपक्रम है इस वार्षिक प्रदर्शनी कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है। इस समागम में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय



संस्थान, नियामक निकाय, केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि, एसएमई, प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधि, शोध संस्थान, निवेशक और स्टार्टअप इकोसिस्टम के कई सदस्य भाग लेंगे। इस प्रदर्शनी में स्टार्टअप को कार्यक्षेत्र में प्रगति और संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान होगा।

प्रोफेसर पाथर्डीकर ने बताया कि यह समागम स्टार्टअप्स को एंजेल निवेशकों और अन्य इन्क्यूबेटर्स से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि "पूर्वांचल में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उपयुक्त मंच न मिलने के कारण यहां के उद्यमियों को अन्य राज्यों में स्थानांतरित होना पड़ता है। यह कार्यक्रम स्थानीय उद्यमियों को एक मजबूत इकोसिस्टम प्रदान करेगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा और पूर्वांचल को उद्यमिता का एक प्रमुख केंद्र बनाएगा। इस वैश्विक मंच के अलावा, पूर्वांचल विश्वविद्यालय निकट भविष्य में एक स्थानीय प्रदर्शनी का भी आयोजन करेगा, जिससे आसपास के विद्यार्थियों के बीच स्टार्टअप इकोसिस्टम के प्रति जागरूकता और रुचि उत्पन्न की जा सके।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रोफेसर वंदना सिंह ने प्रतिभाग करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और इसे पूर्वांचल इन्क्यूबेशन को और मजबूत इनक्यूबेटर के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भ्रम और अफवाह फैलाकर भाजपा को बदनाम करना चाहता था विपक्ष : शर्मा

केटी न्यूज/मऊ

विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर मां भारती को परम वैभव के शिखर पर ले जाने वाले यज्ञ में आप भी अपनी एक आहुति सदस्यता के रूप में दें। भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनकर मां भारती का मस्तक संपूर्ण विश्व में ऊंचा करें। यह कहना है उत्तर प्रदेश शासन के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के। उन्होंने स्थानीय बाजार के मां काली माता मंदिर परिसर में आयोजित सदस्यता महा अभियान की एक महती सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। एके शर्मा ने कहा की विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने 2 सितंबर को सबकी सदस्यता शून्य कर दी । सभी अपने



सदस्यता का नवीनीकरण करा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराया आपसे आग्रह है आप भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनकर इस देश और समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निर्वहन करें। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता मात्र भ्रम और अफवाह फैलाकर डबल इंजन की सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। डबल इंजन की सरकार में जितना कार्य हुआ है। आज तक उतना कार्य कभी नहीं हुआ। लेकिन विपक्ष के नेता संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की झूठी अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं ,और जाति की राजनीति करके देश और समाज को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं।



# अगर अंतरिक्ष में फंस जाए कोई एस्ट्रोनॉट तो क्या होगा?

एस्ट्रोनॉट की लाइफ इतनी आसान नहीं होती है। उन्हें अंतरिक्ष में जाने के बाद काफी चीजों का सामना करना होता है। साथ ही उन्हें 24 घंटे सतर्क रहने की भी जरूरत भी होती है। अंतरिक्ष में किसी भी तरह की गलती आपकी जान तक ले सकती हैं। ऐसे में क्या आपने कभी सोचा है अंतरिक्ष में अगर कोई एस्ट्रोनॉट फंस जाता है तो उनका क्या होता होगा।

अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर पिछले 52 दिन से स्पेस में है। ऐसे में कहा जा रहा है कि उनके स्पेसक्राफ्ट में कुछ दिक्कत होने के कारण वह वापस नहीं आ पा रहे हैं। आज हम आपको बताएंगे कि अगर कोई एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में फस जाता है तो उन्हें किन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## स्पेस में होती है हेल्थ से जुड़ी समस्या

स्पेस में हड्डियां कमजोर होने लगती है। इसके अलावा स्पेस में एस्ट्रोनॉट की मांसपेशियां बहुत तेजी से कमजोर होती हैं। ऐसे में एस्ट्रोनॉट को सर्वाइव करने में काफी दिक्कत होती है। हालांकि स्पेस में सही तरह एक्सरसाइज करने से यह दिक्कत नहीं होगी। अंतरिक्ष में तापमान बहुत तेजी से बदलता है। जहां धूप में तापमान बहुत अधिक हो सकता है, वहीं छाया में यह अचानक से बहुत कम हो जाता है। इस तरह के तापमान परिवर्तन से शरीर को काफी नुकसान हो सकता है।

## एस्ट्रोनॉट स्पेस में फस जाए तो क्या होगा

स्पेस मिशन को 100 प्रतिशत तक सुरक्षित नहीं माना जाता है। ऐसे में अगर कोई भी एस्ट्रोनॉट स्पेस में फस जाए तो उसके पास स्पेस सूट का होना जरूरी है। स्पेस सूट काफी खास होता है इसमें ऑक्सीजन और सही तापमान देने की क्षमता होती है। हालांकि बिना स्पेस सूट के आप स्पेस में 50 सेकंड में मर जाएंगे।

## अंतरिक्ष में रहना नहीं है आसान

अगर कोई अंतरिक्ष में अकेला फंस जाता है तो उसकी कुछ समय के बाद मौत हो जाएगी। स्पेस में ऑक्सीजन की काफी कमी होती है। ऐसे में सही मात्रा में ऑक्सीजन ना मिलने पर एस्ट्रोनॉट की मौत हो सकती है। स्पेस सूट में मौजूद ऑक्सीजन कुछ समय में ही खत्म हो जाता है।



ये 3 समुद्र तट पूरी दुनिया में अपनी काले रेत के लिए मशहूर हैं। यहां की काली रेत अद्वितीय खूबसूरती का अनुभव कराती है।

# ये हैं दुनिया के 3 अनोखे काले रेत वाले समुद्र तट

## कहां है ये अजीब खूबसूरती

दुनिया में बहुत ही कम लोग ऐसे होंगे जिन्हें घूमने-फिरने का शौक नहीं होगा। अधिकतर लोगों को घूमना का बेहद शौक होता है। कुछ लोगों को हरियाली पसंद होती हैं, कुछ लोगों को पहाड़ी इलाके पसंद होते हैं, कुछ लोगों को समुद्र के किनारों में छुट्टियां बिताना पसंद होता है। समुद्र के किनारे छुट्टियां बिताना, नीले पानी और सफेद रेत के बीच खेलना और धूप सेखना हम सबको अत्यंत अच्छा लगता है। लेकिन क्या आपने कभी काली रेत वाले समुद्र तट के बारे में सुना हैं। शायद नहीं क्योंकि जब कभी भी हम समुद्र किनारे की इमेज हमारे दिमाग में लाते है तो नीले पानी और सफेद रेत की तस्वीर हमारे दिमाग में आती है लेकिन आपको बता दें, दुनिया में ऐसी कई जगह है जहां काली रेत के खूबसूरत समुद्र तट मौजूद हैं।

### कर्नाटक



आपको शायद ऐसा लगता होगा की काली रेत वाले समुद्र तट विदेश में ही होते होंगे भारत में ऐसा कोई तट नहीं है, लेकिन यह गलत है। भारत में भी ऐसे कई समुद्र तट है जहां काली रेत पाई जाती है। इनमें से एक है कर्नाटक का तिलमती बीच। यह बीच उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित है और अपनी काली रेत के लिए बेहद मशहूर है। यहां की रेत काले तिल के दानों जैसी दिखती है इसलिए इसे तिलमती नाम दिया गया है।

### ग्रीस



ग्रीस का सेंटोरिनी ऐसी ही एक जगह है जहां आप काली रेत वाले समुद्र तट देख सकते हैं। इनमें से सबसे लंबा समुद्र तट पेरोबोलोस है। यह समुद्र तट अर्धचंद्राकार द्वीप के दक्षिण में स्थित है। यह घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है जहां आपको छतरियां, पानी के खेल और समुद्री भोजन मिल जाएगा।



### न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड में ऑकलैंड के पास नॉर्थ आईलैंड पर एक बहुत ही खूबसूरत समुद्र तट है जिसका नाम मुरीबाई है। इस समुद्र तट की सबसे खास बात यह है कि यहां की रेत काली रंग की है। यह काली रेत इस क्षेत्र में हुए प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोट से निकले खनिजों के कारण बनी है। मुरीबाई बीच न केवल अपनी काली रेत के लिए बल्कि बड़ी गैनेट पक्षियों की कॉलोनी, खड़ी चट्टानों और बेहतरीन सर्फ के लिए भी मशहूर है।



# उत्तराखंड में स्थित है भारत का सबसे ऊंचा टिहरी बांध

हम सभी ने अक्सर बांध के बारे में सुना है। इसका उपयोग सिंचाई, पानी से बनने वाली बिजली और बाढ़ को रोकने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, डैम के निर्माण के बाद वह जगह टूरिस्ट के लिए भी आकर्षक हो जाता है। इसका लाभ राज्य सरकार को भी मिलता है। हमारे भारत में ऐसे बहुत से बंद है जोकि काफी ज्यादा चर्चे थे। यहां सालों भर पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। भारत का सबसे ऊंचा डैम उत्तराखंड में स्थित है। इसे टिहरी बांध के नाम से जाना जाता है। यह भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का 8वां सबसे ऊंचा बांध है। इसकी ऊंचाई 260 मीटर है जोकि 575 मीटर लंबी और 20 मीटर चौड़ी है। बता दें कि यह डैम 52 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर फैला हुआ है। यहां विश्व की सबसे महत्वपूर्ण जल विद्युत जल परियोजना है। यहां पर हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इस साल 1978 में बनाया गया था। इसका उद्घाटन साल 2006 में किया गया। इसे लोग स्वामी रामतीर्थ डैम के नाम से भी जानते है। दरअसल, यह नदी भागीरथ और भीलांना नदी पर बनाया गया है ताकि बरसात के मौसम में बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों को बर्बाद होने से बचाया जा सके।




# क्राइम सीन पर पुलिस क्यों लगाती है पीला टेप?

## क्या कहती है साइंस

पीला टेप अपराध स्थल पर सबूतों की सुरक्षा करने और लोगों को चेतावनी देने के लिए किया जाता है, पर सवाल ये उठता है कि आखिर यह पीले रंग का ही क्यों होता है? सफेद, काला या गुलाबी क्यों नहीं? आइए आज हम आपको इसी के बारे में बताते हैं।

अक्सर आपने फिल्मों या समाचारों में भी देखा होगा कि जब भी कहीं कोई अपराध होता है, तो सबसे पहले पुलिस पब्लिक को उससे दूर रखने के लिए पीला टेप लगाकर घेर देती है। यह टेप पुलिस को क्राइम सीन की सुरक्षा करने और सबूतों को इकट्ठा करने में मदद करता है। साथ ही, यह आम जनता को भी सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान निभाता है, लेकिन अब सवाल ये उठता है कि पुलिस हमेशा क्राइम सीन पर पीले टेप का ही इस्तेमाल क्यों करती है? लाल, नीले या सफेद रंग का क्यों नहीं? चलिए आपके इस सवाल के जवाब आज हम आपको देते हैं। आइए जानते हैं कि क्राइम सीन पर येलो टेप लगाने के पीछे की साइंस क्या है।

### क्यों होता है पीले टेप का इस्तेमाल?

पुलिस अपराध स्थलों पर पीले रंग का टेप लगाकर पूरे क्षेत्र को घेर देती है। ऐसा, इसलिए होता है क्योंकि यह साइंस में इसे अत्यधिक दिखाई देने वाला रंग माना जाता है, जिसकी मदद से दूर से ही प्रतिबंधित क्षेत्र साफ नजर आते हैं। इसके अलावा पीला रंग चेतावनी और सावधानी का प्रतीक माना जाता है, जिससे अनधिकृत लोगों को घटनास्थल पर प्रवेश करने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने से रोका जा सकता है। यही वजह है कि पुलिस क्राइम सीन पर पीला टेप का इस्तेमाल करती है। इससे पुलिस क्राइम सीन की तरफ लोगों का ध्यान खींचने का भी काम करती है। साथ ही, उन्हें चेतावनी देती है कि यह एक प्रतिबंधित क्षेत्र है और यहां आना सख्त मना है।

### पीले टेप से आगे कौन कर सकता है प्रवेश?

- पीले टेप से आगे वही जा सकते हैं जब कोई घायल व्यक्ति को आपसे सहायता की आवश्यकता हो।
- इसके अलावा, कई केस में परिवार के सदस्यों या करीबी को भी मौका मिल सकता है।
- साक्ष्य एकत्र करने या प्रक्रिया करने या अपराध की जांच करने वाले लोग ही अंदर प्रवेश करते हैं।






डायनासोर के बारे में कई बातें है जिन्हें दुनिया के बहुत से लोग सच मानते है। लेकिन असल में वे पूरी तरह से गलत है। ऐसी कुछ धारणाओं के बारे में तो हैरानी होती है कि लोग इन्हें सच मानते हैं, तो कुछ पर कई लोगों को यकीन नहीं होता है कि ऐसा भी हो सकता है।

# क्या आपको भी सच लगती हैं डायनासोर के बारे में ये बातें?

डायनासोर इंसानों के लिए सबसे बड़े रहस्यों में से एक है। इन्हें किसी इंसान ने जिंदा नहीं देखा, लेकिन जब भी कल्पना में खतरनाक किस्म के जानवरों का जिक्र आया, डायनासोर जैसे जानवर जरूर दिखे। समय के साथ वैज्ञानिकों ने इन विचित्र जानवरों का कई रहस्य उजागर किए जिन्होंने लोगों की कल्पना को अकल्पनीय उड़ान दी। लेकिन इसको लेकर कई तरह के मिथक हैं जिन्हें लोग सच की तरह मानते हैं। कुछ पर शायद आपको यकीन ना तो कुछ पर हैरानी होगी।

अगर आपसे पूछा जाए कि क्या डायनासोर और इंसान कभी एक साथ रहे थे, तो आप इसका क्या जवाब देंगे। बेशक कभी नहीं, वैज्ञानिकों को आज तक ऐसे जीवाश्म नहीं मिले जो एक ही समय के हों। डायनासोर 6.6 करोड़ साल पहले खत्म हुए थे, जब कि इंसानों के शुरुआती पूर्वज केवल 6 करोड़ साल पहले के हैं। लेकिन फिल्मों, फंतासी कथाओं में ही इंसान और डायनासोर साथ दिख पाए हैं।

क्या एक क्षुद्रग्रह ने सभी डायनासोर का पूरी तरह से सफाया कर डाला था? यह दरअसल एक सच को गोलमोल घुमा कर सरल तरीके पेश किया जाने वाले झूठ से ज्यादा कुछ नहीं है। ये सच है कि एक 180 किमी चौड़े क्षुद्रग्रह ने आज के मैक्सिको युकाटैन प्रायद्वीप पर एक बड़ा चिक्सूलब बनाया था। लेकिन डायनासोर के विनाश का कारण उस दौर में हुई बहुत सारी घटनाओं का एक साथ होना था और क्षुद्रग्रह ताबूत में आखिरी कील की तरह था।

एक बात बहुत से लोग यह भी मानते हैं सभी डायनासरो 6.5 करोड़ साल पहले उस क्षुद्रग्रह के टकराव के तुरंत बाद ही खत्म हो गए थे। अगर आप भी इन लोगों में शामिल हैं तो हैरान होने की बात नहीं है। बेशक डायनासोर की अधिकांश प्रजातियां उस हादसे के बाद खत्म हो गई थीं। लेकिन वैज्ञानिक मानते हैं पक्षियों के पूर्वज यानी उड़ने वाले डायनासोर 1.5 करोड़ साल तक जिंदा रहे .

कई लोग यही मानते हैं कि स्तनपायी जानवर डायनासोर के जमाने में नहीं पाए जाते थे। उनका मानना है कि डायनासोर के खत्म होने के बाद स्तनपायी जानवर अस्तित्व में आ पाए थे। असल में इसकी कोई सीमा रेखा नहीं है। जब डायनासोर खत्म हो रहे थे. स्तनपायी तेजी से पनप रहे थे। ऐसे में दोनों जानवर लंबे समय तक साथ रहे थे. पर कई लोग मानने लगे कि डायनासोर के युग में स्तनपायी जानवर होते ही नहीं थे.

डायनासोर के खत्म होने के बारे में ढेरों किवदंतियां हैं. इनमें से एक है कि डायनासोर के खत्म होने की वजह ये थी कि दूसरे जानवरों ने उनके अंडे खा खाकर उन्हें विलुप्त कर दिया. इतना ही नहीं कई लोग तो ये तक मानते हैं कि अंडे खाकर उन्हें खत्म करने वाले स्तनपायी जानवर ही थे. लेकिन यह संभव ही नहीं था. डायनासोर के पूरी तरह से खत्म होने से पहले स्तनपायी जानवर इतने बड़े नहीं हो पाए थे कि वे डायनासोर के अंडे खा सकें.

डायनासोर के युग के अधिकांश जानवरों को बहुत से लोग डायनासोर मान लेते हैं. इसमें बड़ी संख्या में सरीसृप यानी रेप्टाइल शामिल हैं जो उस समय 5 मीटर से भी बड़े हुआ करते थे. इसके अलावा कई समुद्री जानवर हैं जिन्हें शायद आप भी डायनासोर समझते होंगे. उस युग के प्लेसियोसॉर, इचथियोसॉर, प्लियोसॉर, मोससौर आदि जैसे समुद्री सरीसृपों को अक्सर गलत तरीके से डायनासोर माना जाता है.

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार को हरा कर झारखंड की बालिकाएं फाइनल में पहुंचीं

रांची, एजेंसी। झारखंड की बालिका फुटबॉल टीम सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गयी है. मालदा में सोमवार को खेले गये सेमीफाइनल मैच में झारखंड ने टाइब्रेकर में बिहार को 4-3 से हराया. टाइब्रेकर में झारखंड की ओर से सुनयना कुमारी, गोलू कुमारी, दीपिका कुमार और नैंसी कुमारी ने गोल किया. इससे पहले निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 गोल से बराबरी पर थीं. इस जीत के साथ झारखंड की टीम मालदा वेन्यू की ग्रुप चैंपियन बन गयी है. वहीं, चैंपियनशिप के फाइनल में बुधवार 11 सितंबर को झारखंड का मुकाबला मणिपुर से होगा, जिसने बहरामपुर में खेले गये एक अन्य सेमीफाइनल में बंगाल को 5-0 से पराजित किया.

### जेएसएसपीएस की अमीषा ने एशियन जूनियर बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

रांची, एजेंसी। फाइनल में तजाकिस्तान की बॉक्सर फरिनोज अब्दुल्लोवा ने हराया रांची. झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की कैडेट अमीषा केरकेट्टा ने एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता. अबुधाबी में आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल के 54 किग्रा भारवर्ग में तजाकिस्तान की बॉक्सर फरिनोज अब्दुल्लोवा से हार कर अमीषा केरकेट्टा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा. सिमडेगा के पैकपारा गांव की रहनेवाली अमीषा के पिता दिलीप केरकेट्टा किसान हैं. बचपन से ही अमीषा की रुचि खेलों में रही है. इसी क्रम में उसे जेएसएसपीएस में दाखिला मिला, जहां वह बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रही है. इससे पहले 2023 में अमीषा केरकेट्टा ने आइबीए वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था. अमीषा की जीत पर जेएसएसपीएस एलएमसी के सीइओ जीके राठौर समेत अन्य ने उसे बधाई दी है.

### बेटा को रेप केस में पकड़ने की बात कह ठग लिये 80 हजार रुपये

रांची, एजेंसी। मैं एसएसपी विशाल कुमार बोल रहा हूं. तुम्हारा बेटा रेप केस में पकड़ा गया है. उसे जेल भेज दिया जायेगा. अगर उसे बचाना चाहते हो, तो 80 हजार रुपये भेज दो. ऐसा नहीं करने पर उसे जेल भेज देंगे. यह बात कह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुबन रुगड़ीगढ़ा निवासी सुधीर ठाकुर से साइबर फ्रॉड ने 80 हजार रुपये की ठगी कर ली. इस मामले में सुधीर ठाकुर ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. कहा है कि चार सितंबर को वे भाभी के श्राद्धकर्म में भाग लेने के लिए हरमू गये हुए थे. इसी दौरान एक अनजान व्हाट्सऐप नंबर से कॉल आया कि विशाल कुमार एसएसपी बोल रहा हूं. तुम्हारा बेटा बलात्कार में पकड़ा गया है. उसे बचाना चाहते हो, तो 80 हजार रुपये दो. नहीं, तो उसे जेल भेज देंगे. कॉल के माध्यम से ही किसी बच्चे से बात भी करायी गयी, जिसकी आवाज मेरे बेटे से मिलती-जुलती थी. बच्चा बोल रहा था कि पापा मुझे बचा लो. मैंने कुछ नहीं किया है. यह लोग जितना पैसा बोल रहे हैं, दे दो. यह सुनकर वे घबरा गये. इसके बाद बेटी-दामाद के माध्यम से यूपीआइ के जरिये दो बार में फोन करनेवाले को 80 हजार रुपये भिजवा दिये. बाद में बेटा से संपर्क करने पर उन्हें ठगी का पता चला.

### यूजी मेडिकल के लिए 25 से हॉस्टल का आवंटन, पर कई कमरों में फर्नीचर नहीं

रांची, एजेंसी। रिम्स में एमबीबीएस के नये सत्र को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शुरू करने की तैयारी जारी है. इसी को ध्यान में रखते हुए मेडिकल यूजी की कक्षाएं एक अक्तूबर से शुरू की जायेंगी. लेकिन इससे पहले हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया पूरी करनी है. ऐसे में 25 सितंबर से हॉस्टल के कमरों का आवंटन शुरू हो जायेगा. छात्र-छात्राओं को जिस हॉस्टल में रखना है, उसके खाली कमरों की सूची तैयार की जा रही है. दूसरी ओर हॉस्टल के कई कमरों में फर्नीचर ही नहीं हैं.इधर रिम्स प्रबंधन बेड, टेबल और कुर्सी की खरीदारी के लिए जैम पोर्टल में निविदा की प्रक्रिया पूरी करने में लगा है. हालांकि इस प्रक्रिया को पूरा करने में समय लग सकता है, लेकिन प्रबंधन का दावा है कि विद्यार्थियों के हॉस्टल शिफ्ट करने से पूर्व कमरों में फर्नीचर उपलब्ध हो जायेंगे.

# रांची पहुंचे जदयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा- एनडीए गठबंधन में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव



रांची, एजेंसी। जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब परिसर में संपन्न हुई। बैठक में शामिल होने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा रंची पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी, सह प्रभारी मनोज यादव, जदयू नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार एवं सुशील सिंह सहित हज़ारों कार्यकर्ताओं ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया। संजय झा बतौर मुख्य अतिथि कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने की। संचालन महासचिव श्रवण कुमार ने किया। बैठक में विशिष्ट तौर पर जदयू के प्रदेश प्रभारी और मंत्री डॉ अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जदयू के सह प्रभारी और विधान परिषद सदस्य विजय सिंह, सह प्रभारी और बेलहर विधायक मनोज यादव, विधायक सरयू रॉय, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास उपस्थित रहे। कार्यसमिति की बैठक में जदयू के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा की जदयू गठबंधन में चुनाव लड़ेगी इस निमित बातचीत जारी है। नीतीश कुमार चाहते है पार्टी झारखंड में पुनः खड़ी हो। बिहार के बाद पार्टी की सबसे अधिक संभावना झारखंड में है। जदयू का झारखंड में बड़ा आधार था। उन्होंने कहा केंद्र सरकार में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दिया कि एक महीना के अंदर विभिन्न विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करें। जनता से जो रिपोर्ट मिल रहा है उस अनुसार राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। सरयू रॉय पुराने नेता है उनके आने से राष्ट्र स्तर पर एक अच्छा संदेश गया है।

प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी बोले खीरू महतो ने संगठन मज़बूत किया है, और मज़बूती की ज़रूरत है। उन्होंने कहा खीरू महतो को राज्यसभा भेज नीतीश कुमार ने झारखंड के प्रति अपना प्रेम दिखाया। उन्होंने कहा हम गठबंधन में जाएँगे, पार्टी का झारखंड में बहुत क्षमता है। उन्होंने कहा पार्टी हर प्रमंडल में एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि हम पीछे खड़े है, आपलोग आगे बढ़िये।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा की ख़ुशी है कि सभी पुराने साथी पार्टी के साथ है। सरयू राय और खीरू महतो की जोड़ी झारखंड में पार्टी को मज़बूत करेंगे। उन्होंने कहा नीतीश के कार्यकर्ता कभी निराश नहीं होते, पूरे दमख़म से पार्टी चुनाव लड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा लोकसभा में पार्टी ने एंडीए के साथियों का सहयोग किया अब विधानसभा में बेहतर तालमेल हो। विधायक सरयू रॉय ने कहा की झारखंड में जदयू का संगठन मजबूत है कोई ग़लतफ़हमी में ना रहे। उन्होंने कहा पार्टी जो ज़िम्मेवारी देगी उसे पूरा करूंगा। सह प्रभारी विजय सिंह ने कहा की संगठन को मज़बूत करने के लिए हमारी जहां ज़रूरत प्रदेश जदयू महसूस करेगी हम हाज़िर हो जाएँगे। सह प्रभारी मनोज यादव ने कहा की इस बार चुनाव में पार्टी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

बैठक में आफ़ताब जमिल, रेणु गोपीनाथ, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, दीपनारायण सिंह, निर्मल सिंह, पिंटू सिंह, अखिलेश राय, आशा शर्मा, दुष्यंत पटेल, ब्रह्मदेव प्रसाद, संतोष सोनी, सरयू गोप, रामस्वरूप यादव, बिगा मिंज, अंजलि शर्मा, प्रदीप महतो, रामजी प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।

## सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने ली बीजेपी की सदस्यता, वरुण साहू ने किया स्वागत

रांची , एजेंसी। बीजेपी, रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षा में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पिस्का मोड़ निवासी, सामाजिक कार्यकर्ता रौशन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उपस्थित रांची विधायक सीपी सिंह ने रौशन मिश्रा तथा उनके नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण कर रहे सभी कार्यकर्तागण का बीजेपी परिवार में स्वागत किया। कहा कि युवाओं के जुड़ने से बीजेपी परिवार और मजबूत होगा।

वरुण साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत बीजेपी का अंग वस्त्र पहनाकर किया। महानगर अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा की आज झारखंड की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन मानवता और कर्तव्य को ताक पर रख कर नृत्य कर रहे हैं। झारखंड की जनता सब देख रही है। हेमंत सोरेन को सबक सिखाने और सड़ चुकी सरकार को शासन से बेदखल करने के लिए हज़ारों की संख्या में लोग बीजेपी से जुड़ रहे हैं। वरुण साहू ने यह भी कहा कि आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार सत्ता से बाहर होगी। मिलन समारोह का संचालन बलराम सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र वर्मा ने किया।

मिलन समारोह में मुख्य रूप से रांची विधायक सीपी सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के साथ संजय जसवाल, ललित ओझा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनय कुमार सिंह, पायल सोनी, ओम प्रकाश पाण्डे सहित अन्य रहे। मौके पर शालिग्राम ओझा, संतोष कुमार, रविशंकर सिंह, ओम निवास तिवारी, प्रवीण गुप्ता, जितेंद्र कुमार, नामित लाल, रौशन झा, पवन सिन्हा, विक्रांत सिंह, शुभम कुमार, सरोज कुमार, विशाल कुमार, अर्पण गुप्ता, सचिन यादव, श्याम गुप्ता, नंदकिशोर सिंह, अभय संकर, विश्वनाथ घोष, पंकज गुप्ता, चंदन झा सहित सैकड़ों की तादाद में लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

## परीक्षा से पहले 10वीं के छात्रों को मिली बड़ी राहत, अब गणित के पेपर के लिए मिलेंगे अतिरिक्त 30 मिनट



धनबाद, एजेंसी। काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीई) ने 2025 में होने वाली बोर्ड परीक्षा में आइसीएसई यानी दसवीं के छात्रों को बड़ी राहत दी है। दसवीं के छात्रों को उनके 80 अंकों के गणित के पेपर के लिए ढाई घंटे की जगह अब तीन घंटे मिलेंगे।

पेपर हल करने के लिए आधा घंटा अतिरिक्त मिलेगा। भाषा और गणित को छोड़कर सभी विषयों के लिए दसवीं परीक्षा की अवधि अभी दो घंटे है। छात्रों को सेकंड लैंग्वेज के लिए तीन घंटे और गणित के लिए ढाई घंटे मिलते थे। बोर्ड की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि परीक्षा की अवधि बढ़ा दी गई है।

प्रश्नों की संख्या या गणित के प्रश्नपत्र के प्रारूप में कोई बदलाव नहीं होगा। बोर्ड परीक्षा में योग्यता-केंद्रित प्रश्नों के बढ़ते महत्व के कारण छात्रों का तनाव कम करने और मूल्यांकन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

बोर्ड ने अगले वर्ष से योग्यता आधारित (क्वालिटी असेसमेंट) प्रश्नों को लगभग 25 प्रतिशत वेटेज देने का फैसला किया। डिनोबिली स्कूल सीएमआरआइ की प्राचार्या तनुश्री बनर्जी और कार्मल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सिल्वी ने कहा गणित के लिए अतिरिक्त 30 मिनट छात्रों के लिए बहुत मददगार होंगे।

लेखन समय में वृद्धि स्वागत योग्य कदम है। गणित विषय से डरनेवाले छात्रों को इससे मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। तनुश्री बनर्जी बताती हैं कि बोर्ड की तैयारी के लिए छात्रों को आठवीं कक्षा से ही ढाई घंटे में सवालों के जवाब देने का अभ्यास कराती हैं।

झारखंड शिक्षा परियोजना समावेशी शिक्षा प्रभाग के अंतर्गत मंगलवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम हीरक रोड़ में खेलकूद का आयोजन होगा। इसमें सभी प्रखंड के दिव्यांग बच्चे हिस्सा लेंगे। सुबह नौ बजे से कार्यक्रम होगा।

एपीओ मीतू सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस, जलेबी रेस, चम्मच रेस, बैलून फुलाना, गेंद फेंकना आदि समेत कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसमें 150 दिव्यांग बच्चे विभिन्न खेलों में आज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

## सुप्रियो भट्टाचार्य बोले:भाजपा की हकीकत भी लोग जान चुके हैं, इसी कारण 15 को खुद आ रहें प्रधानमंत्री

### खुद भाजपा से सीटें मांग रही आजसू कर रही नई सरकार का दावा: झामुमो



रांची, एजेंसी। झामुमो ने सोमवार को कभी आजसू का नाम लेकर, तो कभी बगैर नाम लिए कई तरह की टिप्पणियां कीं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमट गई थी, क्योंकि बैसाखी के सहारे चुनाव में उतरती रही इस पार्टी के साथ भाजपा ने गठबंधन करने से इंकार कर दिया था। आज आजसू फिर भाजपा से सीटें मांग रही है। दिलचस्प कि चार-पांच सीटों पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी आगामी सरकार का खाका खींच रही है।

भाजपा की हकीकत भी लोग जान चुके हैं, इसलिए 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद आ रहे हैं। उसके बाद भाजपा अपने और नेताओं को भी बुलाएगी, क्योंकि अब इन्हें खुद पर भरोसा नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि आजसू सत्ता में बने रहने का कोई भी अवसर नहीं चूकने वाली पार्टी रही है। मधु कोड़ा की सरकार में जब आजसू के दो विधायक थे, तब एक सरकार में मंत्री और दूसरा विपक्ष में था। हालांकि, अब मधु कोड़ा खुद भाजपा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू हेमंत सोरेन से क्यों डर रही है।

हालांकि, इसका मूल कारण यह है कि विपक्ष के पास मुद्दा ही नहीं बचा है। हेमंत सरकार द्वारा समाज के हर तबके लिए शुरू की गई योजनाओं से ये भयभीत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में बार्गेन होता है, लेकिन ये राजनीतिक परजीवी हो गए हैं। सुप्रियो ने कहा कि आठ सितंबर को आजसू ने रैली के जरिए युवाओं को भटकाने की भी कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं होंगे।

## वीजा और ज्वाइनिंग लेटर सही, पर एक जगह फंसा मामला सऊदी जाने से पहले दिल्ली में 21 युवकों के साथ हो गया खेला




कुमारधुबी, एजेंसी। विदेशों में नौकरी के नाम पर किए गए फर्जीवाड़ा मामले में 21 अन्य युवक सोमवार को कुमारधुबी ओपी पहुंचे और ओपी प्रभारी को आपबीती सुनाई।

ये सभी युवक सऊदी अरब जाने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर जब फ्लाइट का टिकट चेक किया तो देखा कि उसमें दूसरे पैसेंजर का नाम अंकित है। उसके बाद उनलोगों को समझ आया कि वे लोग फर्जीवाड़ा का शिकार हुए हैं। सभी युवक दिल्ली में सऊदी अरब के एंबेसी सहित अन्य स्थानों पर गए, लेकिन बात नहीं बन पाने की स्थिति में सभी लौटकर कुमारधुबी पहुंचे। दिल्ली से लौटे युवकों ने बताया कि उनका पासपोर्ट सही है।

ज्वाइनिंग लेटर व वीजा भी सही है, लेकिन फ्लाइट की टिकट ही फर्जी बनाकर दे दिया गया। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद 31 युवकों ने लिखित रूप से शिकायत की थी। सोमवार को 21 युवकों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद अब यह संख्या बढ़कर 52 पहुंच गई है।फर्जीवाड़ा करने वाला अबुलेस अंसारी ने 35 हजार रुपये से लेकर एक लाख 10 हजार रुपये तक की वसूली कर चुका है। कुमारधुबी प्रभारी पंकज कुमार को सारी जानकारी दी गई।

गिरिडीह में मारपीट के आरोप में दो सगे भाइयों को दोषी पाया गया। न्यायिक दंडाधिकारी मेहबूब आलम की अदालत ने दोनों को गत शुक्रवार को दोषी करार देते हुए मारपीट के एक मामले में एक-एक साल कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया निवासी अरबिंद वर्णवाल और मुकेश वर्णवाल को मारपीट में एक साल कारावास और एक हजार जुर्माना का आदेश दिया। वहीं न्यायालय ने घर में घुसकर अपराध करने में एक साल कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना जमा करने का आदेश दिया है।

दोनों ही धाराओं में जुर्माना की राशि का भुगतान नहीं करने पर दोषियों को एक-एक माह अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पडेगी। यह मामला नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया का है। इस मामले की सूचक बरमसिया निवासी मीरा सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी में घर में घुसकर मारपीट करने समेत अन्य आरोप लगाए गए थे।

## झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में लोहरदगा की रही महत्वपूर्ण भागीदारी

रांची, एजेंसी। युवा आजसू के तत्वाधान में प्रभात तारा मैदान, धुर्वा रांची में आयोजित नवनिर्माण संकल्प सभा में भाग लेने के लिए लोहरदगा से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे। ये लोग जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, युवा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लाल मनीष नाथ शाहदेव एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत के नेतृत्व में कार्यक्रम में शामिल हुए। बता दें कि आजसू ने आरोप लगया है कि झारखंड सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगने का काम कर रही है।

इसके खिलाफ संकल्प सभा में पूरे झारखंड के युवा एवं लोहरदगा के युवा शिक्षा की डिग्री के साथ सम्मिलित हुए। यह डिग्री सरकार को मुहैया कराई जाएगी। जिससे उनको नौकरी या भत्ता दिया जा सके। जो कार्य हेमंत सरकार 5 सालों में नहीं कर पाई है, उस काम को याद दिलाते हुए बेरोजगार युवाओं की डिग्रियों की लिस्ट सरकार को सौंपी जाएगी। इस सभा में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने युवाओं को राज्य नवनिर्माण के लिए अपने साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा, युवा जब जब जगा है देश की तकदीर बदली है। इसी आशा के साथ यह संकल्प रैली रखी गई है। युवाओं के लिए झारखंड नवनिर्माण का सपना सुदेश महतो एवं आंदोलनकारियों ने देखा था। उन सपनों को पूरा करने के लिए आजसू पार्टी आज के बाद फिर से आंदोलन चलाते हुए झारखंड का नवनिर्माण करने के लिए आगे बढ़ने का कार्य करेगी।

## जेडीयू की महासचिव बबिता और प्रवक्ता जयंत ने थामा राजद का दामन, कैलाश यादव ने किया स्वागत



रांची, एजेंसी। झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में प्रदेश जेडीयू की महासचिव बबिता राव पटेल और देवघर जिला प्रवक्ता जयंत पटेल ने राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में आज सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव, अनीता यादव प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, गिरधारी गोप, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, चंद्रिका यादव, फैजुल हक नवल किशोर यादव, जमीरुद्दीन अंसारी, धनंजय पासवान, सूरज सिंह, केदार यादव, रामप्रवेश यादव, रामकुमार यादव और डॉ तुलसी महतो ने बुके देकर जेडीयू में शामिल हुए बबिता पटेल और जयंत पटेल को बधाई दी।

इस संबंध में प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राजद का संगठन प्रतिदिन मजबूत हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में राजद मजबूती से चुनाव लड़ेगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है। कहा कि कुछ दिनों के बाद पार्टी के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव भी झारखंड दौरे पर आयेंगे और कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेंगे।

# चुनावी विसात:कांग्रेस जनता की राय से घोषणा पत्र बनाने में जुटी, तो भाजपा कर रही परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी




रांची, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 10 से 12 दिनों के भीतर इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर निर्णय होने की उम्मीद है। दो दिवसीय दौरे पर आए मीर ने सोमवार को मीडिया के सवालों पर ये बातें कहीं। प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करके वापस लौट गए। बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन हुआ।

मीर ने प्रदेश कांग्रेस के दोनों सह प्रभारियों समेत प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता को अहम टास्क दिया है। कहा है कि वे जिलों का दौरा कर घोषणा पत्र तैयार करने के मामले के आम लोगों का सुझाव प्राप्त करें। यह काम जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि चुनाव घोषणा पत्र उसके अनुरूप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी कुछ कमेटियों का गठन करेगी और घोषणा पत्र बनाने से पहले जनता से राय लेगी।

बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव की तैयारी पहले से ही चल रही है। कई टास्क मिले हैं। पीसीसी को इसपर काम करना होगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता व मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत अन्य नेता शामिल थे। प्रदेश प्रभारी मीर जम्मू कश्मीर में विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए वे वापस जम्मू-कश्मीर लौट गए।

### प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता दिल्ली तलब

झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्रों में तैनात किए गए ऑब्जर्बर की बैठक दिल्ली में बुधवार को बुलाई गई है। बैठक में भाग लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव को दिल्ली तलब किया गया है। इस मीटिंग में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल होंगे। यह बैठक दिन में चार बजे से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में होगी। बैठक में खास तौर पर विधानसभा चुनाव को लेकर ही रणनीति पर मंथन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड में भाजपा के चुनाव अभियान का श्रीगणेश करेंगे। संगठन की दृष्टि से छह प्रमंडलों में आयोजित होनेवाली परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी भी झारखंड आएंगे।

ये सभी परिवर्तन संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न प्रमंडलों में यह यात्रा 20-21 सितंबर से शुरू होगी, जो 10-11 दिनों तक चलेगी। प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी अलग-अलग प्रमंडलों की यात्रा में शामिल रहेंगे। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी इस दौरान झारखंड आने का आग्रह किया है।

प्रदेश नेतृत्व ने अपने विचार से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया है। जानकारी के अनुसार, जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर केंद्रीय नेतृत्व ने हामी भरी है, हालांकि, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की झारखंड यात्रा अभी तय नहीं हुई है। लेकिन, पार्टी नेताओं की कोशिश है कि अमित शाह को चुनाव की घोषणा होने से पहले झारखंड बुलाया जा सके, ताकि कार्यकर्ता चार्ज हो सकें। उल्लेखनिय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को राज्य के 1 लाख 13 हजार 195 लाभुकों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त के रूप में 2-2 लाख रुपए डालेंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले मैदान पर लौटेंगे सूर्यकुमार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव चोटिल होने के बाद अब फिट हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले यह टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। हालांकि टीम इंडिया में वापसी से पहले ही सूर्यकुमार यादव की मैदान पर एंट्री होगी। सूर्यकुमार दलीप ट्रॉफी का दूसरा मैच खेलने उतर सकते हैं।

### सूर्यकुमार यादव हुए रिकवर

हिंदुस्तान टाइम्स ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से लिखा, 'सूर्यकुमार यादव की रिकवरी अच्छी जा रही है। वह 100 प्रतिशत फिट हैं। सूर्यकुमार भी यह बात जानते हैं।'

### दलीप ट्रॉफी मैच से पहले चोटिल हो गए थे

सूर्यकुमार यादव दलीप ट्रॉफी में इंडिया सी का हिस्सा हैं। उन्हें इंडिया डी के खिलाफ मैच खेलना था। हालांकि बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान उन्हें अंगूठे में चोट लग गई। वह मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। उन्हें वहां से नेशनल क्रिकेट अकेडमी जाना पड़ा। एनसीए में सूर्यकुमार बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रहे।

### 14 महीने से रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेले हैं

सूर्यकुमार यादव बेंगलुरु में खेले गए इंडिया ए बनाम इंडिया बी के मैच के दौरान स्टेडियम में नजर आए थे। यह मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था। इंडिया सी ने अब तक सूर्यकुमार यादव की रिप्लेसमेंट का ऐलान किया है। ऐसे में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। अगर सूर्य यह मैच खेलते हैं तो यह 14 महीने में उनका पहला रेड बॉल क्रिकेट मैच होगा।

### सूर्यकुमार यादव के लिए अहम है दलीप ट्रॉफी

सूर्यकुमार यादव के लिए दलीप ट्रॉफी काफी अहम है। वह इसी के जरिए टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश में है। सूर्यकुमार टी20 के कप्तान हैं लेकिन टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। उन्हें बीते साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट डेब्यू का मौका मिला हालांकि वह एक ही मैच के बाद चोटिल हो गए थे। वनडे में भी उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 35 पारियों में 25 के औसत से रन बनाए हैं।

## विराट कई मायनों में ऑस्ट्रेलियाई हैं: स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैदान पर विराट कोहली के दृष्टिकोण को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सोच तरह बताया है और उनका मानना है कि भारतीय दिग्गज बल्लेबाज



अपने विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं।भारत और ऑस्ट्रेलिया 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे। दोनों देश क्रमशः पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में पांच मैचों की श्रृंखला में आमने-सामने होंगे।भारत ने क्रमशः 2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मेरा मानना है कि विराट कोहली विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं। जिस तरह से वह लड़ाई में उतरते हैं, जिस तरह से वह चुनौती का सामना करते हैं और विपक्ष पर हावी होने की कोशिश करते हैं। मैं कहूंगा कि वह संभवतः भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जैसी सोच रखते हैं।कोहली ने 29 टेस्ट शतकों सहित 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं और 113 टेस्ट मैचों में 49.16 की औसत से 8,846 रन बनाए हैं, जबकि स्मिथ ने 109 टेस्ट मैचों में 32 शतकों के साथ 56.97 की औसत से 9,685 रन बनाए हैं।स्मिथ ने आगे बताया कि दोनों खिलाड़ी अक्सर एक-दूसरे को बात करते हैं, और वो 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोहली का सामना करने के लिए उत्साहित हैं।



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

## जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

**हुलुनबुइर (चीन),**एजेंसी। पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में हालांकि उसके युवा स्ट्राइकरों ने उसकी इस चिंता को कुछ हद तक कम किया है।

ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी इस क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, 'अगर हमें भारतीय हॉकी टीम को अगले स्तर पर पहुंचाना है और ओलंपिक में लगातार पदक जीतने हैं तो हमें अधिक मैदानी गोल करने होंगे क्योंकि हमारी रक्षापंक्ति की भी अपनी सीमाएं हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। भारत ने अभी तक जो आठ गोल किए हैं, उनमें सात मैदानी गोल शामिल है जबकि युवा ड्रैग-फ्लिकर संजय ने जापान के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे युवा स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अभी तक तीन मैदानी गोल किए हैं जबकि अभिषेक और उत्तम सिंह ने दो-दो मैदानी गोल किए हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार है। वह इससे पहले चार बार चैंपियन रह चुकी है। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक अन्य मैच उसने ड्रॉ खेला।

संक्षिप्त समाचार

## यूएस मास्टर्स टी10 सीजन 2 में खेलेंगे रैना, हरभजन और ड्वेन ब्रावो

**लॉडरहिल, एजेंसी।** यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन से पहले फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमें चुन ली हैं जिनमें ड्वेन ब्रावो, सुरेश रैना, शोएब मलिक, मिस्बाह उल हक, जेम्स नीशम, एंजेलो परेरा और आरोन फिंच जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो शीर्ष पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए, यूएस मास्टर्स टी 10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए 500 से अधिक क्रिकेटरों ने रजिस्टर किया।कैलिफोर्निया बोल्ट्स ने प्लेयर ड्राफ्ट में जेम्स नीशम (न्यूजीलैंड), लियाम प्लंकेट (इंग्लैंड-प्लेटिनम ग्रेड), कॉलिन डी ग्रैंडहोम (न्यूजीलैंड-ग्लोबल सुपरस्टार), शेहान जयसूर्या (श्रीलंका), बिपुल शर्मा (भारत) और लाहिरू मिलंथा (यूएसए) के साथ पहले ही हस्ताक्षर कर लिए थे।उन्होंने मुनाफ पटेल (भारत), मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैंड), मनप्रीत गोनी (भारत), समीउल्लाह शिनवारी (अफगानिस्तान), जॉन-रस जग्गेसर (वेस्टइंडीज), देवेंद्र बिशू (वेस्टइंडीज), क्रिस बेंजामिन (दक्षिण अफ्रीका), मयंक तेहलान (भारत), हुसैन तलत (पाकिस्तान), केसरिक विलियम्स (वेस्टइंडीज) और धम्मिका प्रसाद (श्रीलंका) को टीम में शामिल किया। डेट्रॉइट फाल्कन्स ने तिषारा परेरा, अब्दुर रजाक (पाकिस्तान-प्लेटिनम ग्रेड), आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलिया-ग्लोबल सुपरस्टार), डेविड मलान (इंग्लैंड), रयाद एमरिट (वेस्टइंडीज) और एंजेलो परेरा (श्रीलंका) को सीधे तौर पर अपने साथ जोड़ा।टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है।हम इस विशेष यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं।इस साल आईसीसी टी20 विश्व कप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला।हम उस गति को बनाए रखना और इसे आगे ले जाना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स के दूसरे सीजन के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को और अधिक यादगार मुकाबले प्रदान करना और अमेरिका जैसे गैर-पारंपरिक मार्केट में क्रिकेट के विकास में तेजी लाने में मदद करना है।

## शतक लगाते ही सचिन, गावस्कर और द्रविड़ के क्लब में शामिल होंगे विराट कोहली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली 9 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में खेलते दिखेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह अपने दूसरे बचे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। अबतक 8800 से यादा रन और 29 शतक जमा चुके विराट कोहली के पास 3 बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा।वह दिग्गज सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ के क्लब में शामिल हो जाएंगे।उनके पास भारत में सबसे यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर आने का मौका होगा। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में एक शतक लगाते ही विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट में शतकों की संख्या 30 हो जाएगी।वह सचिन तेंदुलकर 51, राहुल द्रविड़ 36 और सुनील गावस्कर 34 के बाद 30 से यादा टेस्ट शतक वाले भारत के चौथे बल्लेबाज हो जाएंगे। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में विराट कोहली 3 शतक लगाते हैं तो भारत में दूसरे सबसे यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।एक शतक लगाने पर राहुल द्रविड़ की बराबरी करेंगे।

## यूएस ओपन से जल्दी बाहर होने के बाद अल्काराज डेविस कप के लिए तैयार

**मैड्रिड, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज का कहना है कि वह फिट हैं और इस सप्ताह के अंत में डेविस कप टेनिस के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। स्पेन का सामना कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराय और फ्रांस से होगा, जिनके



मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे। सोमवार को प्रेस से बात करते हुए, अल्काराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया, इससे पहले फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उनकी जीत हुई और अगस्त में ओलंपिक रजत पदक मिला। उन्होंने स्वीकार किया कि, न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था, लेकिन उन्होंने कहा, उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें।

अल्काराज़ ने कहा कि कुछ दिनों के आराम और प्रशिक्षण के कारण बहुत तीव्र गर्मी के बाद उनमें तैयारी की कमी थी, जबकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अब वह घर पर डेविस कप खेलने के लिए अच्छा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, मानसिक रूप से मैं सुधार जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक और प्रेरित हूं, और शारीरिक रूप से मैंने डेविस कप और जो आने वाला है उसका सामना करने के लिए इष्टतम स्तर पर रहने के लिए न्यूयॉर्क में हारने के बाद से अच्छा काम किया है। अल्काराज़ ने खुलासा किया कि बोटिक वैन डे ज़ैंडस्चुल्प से यूएस ओपन में हार के बाद, वह अन्य रुचियों के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे पास अपने दिमाग को शांत करने के लिए कुछ दिन थे। लेकिन हमने सोचा कि सबसे अच्छी बात प्रशिक्षण पर वापस जाना और शारीरिक रूप से फिट होना है।

## दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कोच ने जताई क्विंटन डिकॉक के टी20 अंतर्राष्ट्रीय भविष्य पर अनिश्चितता

**जोहांसबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा है कि उन्हें विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के टी20 इंटरनेशनल भविष्य के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। उन्हें इस महीने अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया है।

डिकॉक पहले ही टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। वह पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर थे और आयरलैंड के खिलाफ भी नहीं खेलेंगे।

वॉल्टर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सच कहूं तो मुझे नहीं पता। फिलहाल क्विंटन और मेरे बीच इस बात को लेकर कोई चर्चा नहीं हो रही है कि वह फिर से दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलना चाहते हैं या नहीं। मैंने उनके लिए दरवाजा खुला रखा है, अगर वह चाहें तो मुझसे संपर्क कर सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि ऐसा कभी न हो।

डिकॉक ने 2021 में टेस्ट क्रिकेट से और पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के बाद वनडे से संन्यास लिया था। हालांकि, उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का फैसला किया था, जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुआ था। उस टूर्नामेंट में वह दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उनकी टीम फाइनल तक पहुंची थी।

उसके बाद डिकॉक ने मेजर लीग क्रिकेट और कैरेबियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लिया और अब वह एसए20 और आईपीएल में भी खेलते रहेंगे। लेकिन वॉल्टर ने साफ किया कि उनकी टीम में जगह पक्की नहीं है और यह उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।



वॉल्टर ने कहा, हो सकता है कि हम कभी बातचीत करें, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होगा कि वह टीम में चयनित हो जाएंगे। अब सबसे यादा जरूरी चीज प्रदर्शन होगा। वह अभी इतने बूढ़े नहीं हुए हैं कि प्रदर्शन के आधार पर उनकी वापसी की बात न हो। डिकॉक के अंतिम निर्णय के लिए वॉल्टर ने कोई समय सीमा तय नहीं की है। उनकी अनुपस्थिति में दक्षिण अफ्रीका रीजा हेंड्रिक्स को ओपनर के तौर पर आजमा रही है। उनके पास काइल वेरेनी, रयान रिकेलटन और हेनरिक क्लासेन जैसे विकेटकीपिंग विकल्प भी हैं। इनमें से सिर्फ क्लासेन आगामी अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने निजी कारणों से सीपीएल से नाम वापस ले लिया था।

वॉल्टर ने कहा, वह इस समय कुछ पारिवारिक के चलते बाहर हैं। जैसे ही स्थिति बदलेगी, वह फिर से खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।

# पूर्व अमेरिकी कप्तान एलेक्स मॉर्गन का फुटबॉल से संन्यास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व कप्तान एलेक्स मॉर्गन ने रिटायरमेंट ले लिया है। वे एक दिन पहले करियर के आखिरी मुकाबले में सैन डिएगो वेव्स की ओर से विमेंस सॉकर लीग में उतरीं, हालांकि उनकी टीम उत्तरी कैरोलिना के खिलाफ 1-4 से हार गई।डिएगो के लिए यह मॉर्गन का 63वां मैच था। उन्होंने इस लीग में 150वां मुकाबला खेला।

35 साल की मॉर्गन ने 16 साल लंबे इंटरनेशनल करियर में 2 ओलिंपिक मेडल और 2 बार फीफा वर्ल्ड कप जीते। मॉर्गन ने अमेरिका की नेशनल टीम के लिए 224 मैच खेले। वे 9वीं सबसे यादा मैच खेलने वाली और 123 गोल के साथ 5वीं सबसे यादा गोल करने वाली खिलाड़ी भी हैं। मॉर्गन वही फुटबॉलर हैं, जिन्होंने सबसे पहले विमेंस प्लेयर्स के लिए समान वेतन की आवाज उठाई थी।

मॉर्गन ने 4 दिन पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। एक सोशल पोस्ट के जरिए अमेरिकी फुटबॉलर ने बताया था वे अपना आखिरी मैच खेलने जा रही हैं। इस पोस्ट में मॉर्गन ने दूसरी बार मां बनने की जानकारी भी दी थी। मैसेज में मॉर्गन ने बताया कि यह फैसला उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन 2024 के शुरुआत से ही वे जानती थीं कि यह उनका आखिरी फुटबॉल सीजन होने वाला है।

मॉर्गन ने अपनी साथी खिलाड़ियों के साथ अमेरिकी फुटबॉल में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के वेतन में असमानता की शिकायत की थी। 2019 में यूएस सॉकर के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ। खिलाड़ियों ने यूएस सॉकर पर लैंगिक भेदभाव और असमान वेतन का आरोप लगाया था। 6 साल की लड़ाई के बाद 2022 में उन्हें सफलता मिली और अमेरिका की महिला एवं पुरुष टीमों को समान वेतन दिए जाने पर समझौता बना।

## भारत के खिलाफ ओपनिंग कर सकते हैं ट्रेविस हेडकोच ने कहा- टीम मैनेजमेंट जल्द फैसला लेगा, बतौर ओपनर फेल रहे स्मिथ

**मेलबर्न, एजेंसी।** ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओपन कर सकते हैं। वहीं, स्टीव स्मिथ को उनके पुराने रोल पर वापस लाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने टीम लीडर्स के बीच इस चर्चा की पुष्टि की है।43 साल के मैकडोनाल्ड ने कहा- हां, इस बात की चर्चा है, लेकिन हमने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। अभी सिर्फ बातचीत हो रही है। इस पर कप्तान की राह अहम होगी। एक दिन पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि स्मिथ बैटिंग ऑर्डर में खुद को डाउन कर सकते हैं। टीम इंडिया को नवंबर महीने में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। 5 टेस्ट की सीरीज 22 नवंबर से शुरू होगी।वॉर्नर के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ से ओपनिंग कराई थी, लेकिन यह जोड़ी फेल रही। स्मिथ-ख्वाजा ने पिछले 4 टेस्ट में 24.85 के एवरेज से 174 रन की जोड़े हैं।



# आईने में खुद को देखकर भावुक हुए बिग बी

**बॉलीवुड** के मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने दो तस्वीरें शेयर कर एक भावुक पोस्ट लिखा है। अमिताभ ने लिखा, जब उन्होंने आईने में अपना चेहरा देखा तो उन्हें आश्चर्य हुआ, क्योंकि जो चेहरा वह अब देख रहे हैं, कुछ साल पहले वह कुछ और था। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर अपनी दो तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर उनके करियर के शुरुआत की है और दूसरी वर्तमान की। उन्होंने लिखा, जब मैंने आईने में देखा तो मैं हैरान रह गया, यह चेहरा जो मैं अब देख रहा हूं, कुछ साल पहले कुछ और था। बावजूद मेरे बदलते चेहरों के बीच मुझे मेरे प्रशंसकों से भरपूर प्यार व स्नेह मिलता रहा।

बता दें कि दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन से मिलने के लिए उनके फैंस मुंबई स्थित उनके आवास के बाहर इकठ्ठा होते हैं, लेकिन, एक दिन शायद ऐसा नहीं होगा, क्योंकि एक दिन जीवन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा, गणपति का उत्सव शुरू हो गया है और गणपति हम सभी को शांति और सिद्धि के मार्ग पर ले जाएं और जीवन को खुशियों से भर दें। क्योंकि, खुशी अनंत है। अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इकठ्ठा हुए थे। कोई गणेश जी की मूर्ति के साथ उनकी फोटो लेकर आया था, कोई ढोल बजा रहा था, तो कोई उनकी फिल्मों से जुड़ी तस्वीरें लेकर पहुंचा था।

अमिताभ अपने फैंस के इस कदर प्यार से खुद को रोक नहीं पाए। कुछ देर के लिए वह घर के दरवाजे पर आए, हाथ हिलाते हुए उन्होंने अपने फैंस का अभिवादन स्वीकार किया।

बता दें कि अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। 80 वर्ष के हो चुके अमिताभ एक निजी चैनल पर टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के लिए काफी मशहूर हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म स्त्री-2 में सरकटे का रोल निभाने वाले कलाकार से अमिताभ मिले थे। अमिताभ ने कहा, अब तक लोग मुझे ही लंबू बुलाया करते थे। लेकिन, मुझे खुशी है कि अब लोगों को मुझसे बड़ा लंबू मिल गया है।





# तमन्ना भाटिया ने बताया बॉलीवुड और साउथ में अंतर

तमन्ना भाटिया तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्हें हाल ही में, निखिल आडवाणी की फिल्म वेदा में देखा गया। स्त्री 2 के गाने आज की रात से भी तमन्ना ने जमकर सुर्खियां बटोरीं और लोगों ने उनके डांस स्टेप को कॉपी करके खूब वीडियो बनाए। तमन्ना भाटिया ने एक पॉडकास्ट में बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच के अंतर पर अपनी राय साझा की हैं। उन्होंने ये भी बताया कि लोगों को दक्षिण भारतीय फिल्में क्यों अच्छी लगती हैं।

## दक्षिण में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं

तमन्ना भाटिया का मानना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है और फिल्में डबिंग वगैरह के जरिए लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि साउथ की फिल्मों में केवल वही बात कहने की कोशिश की जा रही है, जिसे वे अच्छे से जानते हैं।

## साउथ की फिल्मों में भौगोलिक स्थिति

के बारे में खूब बात होती है

तमन्ना ने राज शमनी के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए कहा कि दक्षिण की फिल्मों में वहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती हैं। तमन्ना के हिसाब से बॉलीवुड और साउथ में यही मुख्य अंतर है। उनका कहना है कि बॉलीवुड में कई दफा ऐसी फिल्में बनती है, जो सभी का मनोरंजन कर सकें और ये शायद सही से काम नहीं कर पाता। तमन्ना की आने वाली फिल्म की बात करें तो वो ओडेला 2 में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके खाते में वेब सीरीज डेयरिंग पार्टनर्स भी है।

# एनिमल में अबरार का रोल करने से पहले घबरा रहे थे बॉबी

**अभिनेता** बॉबी देओल एनिमल फिल्म में नेगेटिव रोल करके छा गए थे। उनके किरदार अबरार हक को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और उनके एंट्री सॉन्ग पर तो जमकर वीडियो बनाई थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉबी देओल ने इस रोल को निभाने के लिए डेढ साल तक इंतजार किया था। खुद बॉबी ने एक साक्षात्कार में इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। एनिमल का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने बॉबी देओल को जब बताया था कि उनका किरदार मूक होगा तो शुरू में बॉबी घबरा गए थे, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी आवाज उनकी ताकत है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने कम्फर्ट जोन से निकलकर कुछ करने का मन बनाते हुए फिल्म को हां कह दिया था। बॉबी ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग के लिए डेढ साल इंतजार किया था। ये एक लंबी फिल्म है, जिसे शूट करने में काफी समय लग रहा था। ऐसे में बॉबी के मन में सवाल उठ रहे थे कि क्या संदीप अपना मन बदल लेंगे और एक दिन अचानक कहे देंगे कि अब उन्हें उनकी जरूरत नहीं है? बॉबी ने रणबीर कपूर के साथ 12 दिन शूटिंग की थी। उन्होंने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए कहा कि बड़े स्टार होने के बावजूद वो काफी डाउन-टू-अर्थ हैं। बॉबी ने ये भी बताया कि उन्होंने अबरार के रोल के लिए कैसे तैयारी की थी। उन्होंने इसके लिए साइन लैंग्वेज सीखी थी। बॉबी देओल आने वाले दिनों में भी कुछ फिल्मों में नेगेटिव रोल करते दिखाई देंगे। वो जल्द ही सूर्या स्टारर कंगुवा में नजर आएंगे।

# प्रचार के लिए कपिल के शो में पहुंचे देवरा के सितारे



जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म देवरा इस महीने रिलीज को तैयार है। पूरी स्टाकास्ट जोर-शोर से फिल्म का प्रचार कर रही है। प्रमोशन के सिलसिले में तीनों सितारे कपिल शर्मा शो में पहुंचे हैं। सितारे जब शो में हिस्सा लेने पहुंचे तो फोटोग्राफर्स की भीड़ उमड़ पड़ी। धक्का-मुक्की देख जान्हवी कपूर को गुस्सा आ गया। फोटोग्राफर्स को टोकने के बाद वे वैनिटी वैन में चली गईं।

## डैशिंग लुक में दिखे जूनियर एनटीआर

अभिनेता जूनियर एनटीआर भी डैशिंग लुक में नजर आए। इस दौरान फोटोग्राफर्स की भीड़ उमड़ पड़ी। एक्टर ने भी सभी को जमकर पोज दिए। सभी ने जूनियर एनटीआर को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं भी दीं। इसके बाद एक्टर से फोटोग्राफर्स जैसे ही बातचीत करने के लिए आगे बढ़े उन्होंने समय की कमी का हवाला दिया। जूनियर एनटीआर ने घड़ी की तरफ इशारा करते हुए बड़ी ही विनम्रता से कहा कि टाइम हो गया है।

## सैफ अली खान को देख उमड़े फैंस

जान्हवी और जूनियर एनटीआर के अलावा सैफ अली खान भी पहुंचे। उन्हें देख फैंस भी उमड़ पड़े और सेल्फी लेने की कोशिश करने लगे। हालांकि, सैफ अली खान वहां नहीं रुके। वे फोटोग्राफर्स को पोज तक देने के लिए नहीं रुके और सीधे अपनी कार में बैठकर रवाना हो गए।

# 14 साल बाद प्रियदर्शन संग लौटे अक्षय

**90 के** दशक में हिंदी सिनेमा में स्मार्ट और हैंडसम लुक्स से अभिनेत्रियों के दिलों पर राज करने वाले अक्षय कुमार आज 57 साल के हो गए। इस खास मौके पर उन्होंने अपनी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' की पहली झलक शेयर की। अक्षय ने एक्स पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया। तस्वीर में अक्षय एक कटोरी में दूध पीते हुए नजर आ रहे हैं और उनके कंधे पर एक काली बिल्ली खड़ी है। अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, साल दर साल मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद! इस साल का जश्न भूत बंगला के फर्स्ट लुक के साथ!



मैं 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ फिर से जुड़ने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस ड्रीम कोलैबोरेशन को काफी समय हो गया है। इस जर्नी को आप सभी के साथ शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मैजिक के लिए बने रहें! फिल्म की ज्यादा डिटेल शेयर नहीं की गई और यह 2025 में रिलीज होगी। अक्षय और प्रियदर्शन ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। जिनमें हेरा फेरी, दे दना दन, भूल भुलैया, गरम मसाला और खट्टा मीठा जैसी फिल्में शामिल हैं।

इससे पहले,बॉलीवुड के एक्शन हीरो और सुपरस्टार अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के शुभ मौके पर अपने नए प्रोजेक्ट का संकेत दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी अपकमिंग फिल्म की पहली झलक भी दिखाई, जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया था। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, गणपति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए। अक्षय के पास कई फिल्में हैं, जिनमें सिंघम अगेन, स्काई फोर्स, जॉली एलएलबी 3, वेलकम टू द जंगल, शंकरा और हेरा फेरी 3 शामिल हैं।



# माउंट मैरी मेले में शामिल हुई तृप्ति डिमरी

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का नाम बॉलीवुड की उभरती हुई शानदार अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हैं। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है, हाल ही में वह 'बैड न्यूज' में नजर आईं। अभिनेत्री को मुंबई में माउंट मैरी मेले में देखा गया। यहां वह इस मेले का हिस्सा बनीं इसका हिस्सा बनकर वह बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने मेले में गुब्बारे उड़ाए और ऐतिहासिक माउंट मैरी चर्च में मनाए जाने वाला यह जीवंत उत्सव को मनाया।



# फिर सुर्खियों में आई आईसी 814

अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी वेब सीरीज आईसी 814: द कंधार हाईजैक रिलीज के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण कहानी बयां करने वाले इस शो में आतंकियों के हिंदू नामों को लेकर हाल ही में काफी ज्यादा विवाद हुआ था। इसके बाद नेटफ्लिक्स ने अस्वीकरण को अपडेट कर दिया था। हालांकि, यह शो एक बार फिर से कानूनी पचड़े में फंसता दिख रहा है।

हाल ही में समाचार एजेंसी ने आरोप लगाया है कि निर्माताओं ने बिना अनुमति के इस सीरीज में अभिलेखीय फुटेज का उपयोग किया है। बार और बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार एएनआई ने नेटफ्लिक्स और आईसी 814 के निर्माताओं के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।



# लोगों के जजमेंट्स से तंग आ चुकी हैं अनन्या

अनन्या पांडे इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज कॉल मी बे को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। अब हाल ही में, इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू में अनन्या ने खुलासा किया कि बतौर अभिनेत्री वह बहुत सारे जजमेंट्स फेस करती हैं। अनन्या ने कहा कि हर किसी का एक नजरिया होता और सोच होती है, मैं वक्त के साथ कई चीजें सीख रही हूं। अनन्या ने आगे कहा, लोग हमेशा कुछ न कुछ तो कहते ही रहेंगे, आप कैसे भी काम कर लो, कुछ भी कर लो, लोगों को कुछ न कुछ नेगेटिव कहना ही होता है, इसलिए अब मैं ध्यान नहीं देती हूं। अनन्या ने आगे कहा कि अब लोगों की सोच का मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ता है

साभार-एजेंसी